नई दिल्ली

नई दिल्ली, शुक्रवार 8 नवंबर 2019

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, एकादशी वर्ष : 23, अंक : 232

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *


**मौसम**

अधि. 25.0

न्यून. 17.0


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




11 मैरीकॉम ने किया विश्व ओलंपिक एसो. का धन्यवाद

## महाराष्ट्र: विधायकों को एकजुट रखने की कवायद शुरू

# सस्पेंस बरकार... भाजपा-शिवसेना में से कोई पीछे हटने को तैयार नहीं

**सरकार न बनने की सूरत में हो सकती है राष्ट्रपति शासन की सिफारिश**

एजेंसी ▶▶ महाराष्ट्र

महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर असमंजस का दौर लगातार जारी है। भाजपा और शिवसेना के बीच सुलह के आसार लगातार कम होते जा रहे हैं। कांग्रेस और एनसीपी नेता नपे-तुले अंदाज में अपनी बात कह रहे हैं। कल शनिवार को निर्वतमान सरकार के कार्यकाल का अंतिम दिन है। ऐसे हालात में अब ये कयास भी लगने लगे हैं कि राज्य विधानसभा में सबसे बड़े दल के नाते भाजपा को सरकार बनाने का न्योता राज्यपाल देने वाले हैं।

चर्चा ये भी है कि अगर भाजपा नंबर को देखते हुए सरकार बनाने के लिए आगे नहीं आयी तो राष्ट्रपति शासन की सिफारिश भी राज्यपाल की तरफ से केन्द्र को की जा सकती है। देखना ये भी होगा कि शिवसेना का समर्थन करने के लिए एनसीपी सामने आती है क्या? कांग्रेस ऐसे में शिवसेना-एनसीपी सरकार को बाहर रहकर समर्थन देने को तैयार होती है या नहीं। अभी ये सिर्फ कयास हैं, इस बीच केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी का नाम भी मुख्यमंत्री के लिए चर्चा में आया है। महाराष्ट्र में 24 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव का जो जनादेश आया, उसे देखते हुए राज्य में दो ही सूरत हैं। एक, शिवसेना और बीजेपी आपस में सुलह करें और सरकार बनाएं और दूसरा शिवसेना अन्य विकल्प तलाशे और एनसीपी के साथ गठबंधन कर सरकार बनाए और कांग्रेस उसका समर्थन करे। इन दो सूरत में कोई भी सिरे नहीं चढ़ती तो 9 नवंबर को देवेंद्र फडणवीस को इस्तीफा देना पड़ेगा और निवर्तमान विधानसभा का कार्यकाल ख़त्म हो जाएगा। इसके बाद राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी फडणवीस को कार्यवाहक मुख्यमंत्री नियुक्त करेंगे। साथ ही सरकार गठन के अन्य विकल्पों को तलाश किया जाएगा। इनमें सबसे बड़ी पार्टी को बुलाकर पूछा जाएगा कि क्या वो सरकार बनाने की स्थिति में है? इसके बाद अन्य पार्टियों या गठबंधन को बुलाया जाएगा। ये सब करने के बाद भी कोई हल नहीं निकला तो राज्यपाल अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे और महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश करेंगे। हालांकि इस बात की संभावना नहीं है कि 9 नवंबर के बाद तत्काल राष्ट्रपति शासन लगा दिया जाए। लेकिन नियम कहते हैं कि जब तक नई सरकार नहीं बन जाती, नई विधानसभा अस्तित्व में नहीं आ सकती। ना ही नए निर्वाचित विधायक सदन की सदस्यता की शपथ ले सकते हैं। अतीत में ऐसे घटनाक्रम महाराष्ट्र में देखे जा चुके हैं।

शिवसेना अपने उस रुख पर कायम है कि लोकसभा चुनावों से पहले इस साल फरवरी में, यह तय हुआ था कि भाजपा और पार्टी के बीच पदों एवं जिम्मेदारियों को साझा किया जाएगा। शिवसेना जहां मुख्यमंत्री पद को साझा करने पर जोर दे रही है वहीं भाजपा ने इससे साफ इनकार कर दिया है। भाजपा और शिवसेना मुख्यमंत्री पद के मुद्दे पर उलझी हुई है जिससे 24 अक्टूबर को आए विधानसभा चुनाव के नतीजों में गठबंधन को 161 सीट मिलने के बावजूद सरकार गठन को लेकर गतिरोध बना हुआ है।

**खास बातें**

- भाजपा नेताओं ने चर्चा के लिए राज्यपाल से की मुलाकात
- शिवसेना ने सरकार गठन पर अंतिम निर्णय लेने के लिए उद्धव ठाकरे को अधिकृत किया



### महाराष्ट्र में सरकार गठन से सरसंघचालक को मत जोड़िए: गडकरी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत का नाम महाराष्ट्र में सरकार गठन संबंधी कदमों से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। भाजपा नेता ने यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान शीर्ष पद संभालने के लिए राज्य में अपनी वापसी की खबरों को भी खारिज कर दिया।

### भाजपा के साथ गठबंधन नहीं तोड़ना चाहते: उद्धव

शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भाजपा के साथ गठबंधन खत्म नहीं करना चाहते लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले दोनों दलों के बीच बनी सहमतियों को लागू कराना चाहते हैं।

### राज्यपाल ने एडवोकेट जनरल से ली कानूनी सलाह

महाराष्ट्र के एडवोकेट जनरल आशुतोष कुंभकोणी मुंबई में राजभवन गए, दरअसल राज्यपाल भगतसिंह कोशियारी ने उन्हें कानून सलाह लेने के लिए बुलाया था। महाराष्ट्र में सत्ता के समीकरण उलझे हुए हैं। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि हो सकता है कि एडवोकेट जनरल राज्यपाल को कानूनी और संवैधानिक विकल्पों के बाए में सलाह दें। संवैधानिक प्रावधानों के तहत राज्य में स्थायी सरकार के गठन के संबंध में भी एडवोकेट जनरल सलाह दे सकते हैं। राज्यपाल सबस बड़ी पार्टी बीजेपी को सरकार बनाने के लिए भी कह सकते हैं और बहुमत परीक्षण का समय निर्धारित कर सकते हैं।

## वैश्विक निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए बोले पीएम

# 5 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में हर राज्य, हर जिले की भूमिका



एजेंसी ▶▶ धर्मशाला

- अब राज्य निवेश आकर्षित करने के लिए एक-दूसरे से कर रहे हैं प्रतिस्पर्धा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2025 तक भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य हासिल करने में हर राज्य और जिले की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मोदी ने यहां दो दिन चलने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य हिमाचल प्रदेश में निवेश आकर्षित करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के हर राज्य और हर जिले में काफी क्षमता है और सभी मिलकर देश को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। पहले की तुलना में , अब राज्य निवेश आकर्षित करने के लिए एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

### पीएम बोले- पर्यटन एक फार्मा में काफी संभावना

मोदी ने अपने 30 मिनट के भाषण में कहा कि हिमाचल में पर्यटन , फार्मा और अन्य क्षेत्रों में निवेश की काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि कारोबार करने में सुगमता के मामले में भारत शीर्ष दस प्रदर्शन करने वाले देशों में है। वर्ष 2014 से 2019 के बीच भारत की कारोबारी सुगमता रैंकिंग में 79 अंक का सुधार हुआ है। राज्य सरकार ने एक दिन पहले निवेशकों के साथ 3000 करोड़ के एमओयू साइन किए। इसमें औद्योगिक क्षेत्र में 1500 करोड़, आईटी सेक्टर में 1000 करोड़ और पर्यटन क्षेत्र में 475 करोड़ रुपए है। इससे प्रदेश में करीब 2000 से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बनेंगे।

## खबर संक्षेप

### रोहित 100 टी20 मैच खेलने वाले पहले भारतीय बने



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज में भारतीय टीम के कप्तान बनाए गए रोहित शर्मा ने राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोशिएसन मैदान में उतरते ही इतिहास रच दिया है। रोहित शर्मा 100 अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच खेलने वाले दुनिया के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं।

### सम-विषम योजना को कोर्ट में चुनौती, आज होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली की अरविन्द केजरीवाल सरकार की 'सम-विषम' योजना को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्चतम न्यायालय शुक्रवार को सुनवाई करेगा। याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह योजना मनमानी और कानूनी प्रावधानों के विपरीत है।

### जाति के आधार पर भर्ती का विज्ञापन निकालने वाले रेलवे पर कार्रवाई



**नई दिल्ली।** आईआरसीटीसी ने भर्ती के इश्तेहार में जातिगत प्राथमिकता की बात करने वाले रेलवे के एक विक्रेता पर कार्रवाई की है। इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर आईआरसीटीसी की काफी खिंचाई हुई।

## हिंदी न समझने वाले यात्रियों के लिए सुविधा

# रेलवे स्टेशनों पर चार दक्षिण भाषाओं में मिलेगी सूचना



- इसके बाद उड़िया और मराठी भाषा में भी अनाउंसमेंट करने पर विचार होगा

**वाराणसी।** उत्तर रेलवे वाराणसी स्टेशन पर दक्षिण भारतीय यात्रियों के लिए तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में सूचना से संबंधित घोषणाएं करवाएगा। इससे गैर हिंदी भाषी क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों को सुविधा होगी। क्षेत्रीय कैंट स्टेशन के निदेशक आनंद मोहन सिंह ने गुरुवार को बताया कि इसके लिए मौजूदा प्रणाली अपग्रेड की जा रही है। सिंह ने कहा- चारों दक्षिण भारतीय भाषाओं में सूचनाएं रिकार्ड की जा रही है। इसके बाद उड़िया और मराठी भाषा में भी अनाउंसमेंट करने पर विचार होगा।

## मोदी और शाह ने सोनोवाल को दिया भरोसा

# नगा समझौते पर हस्ताक्षर के समय असम के हितों का रखा जाएगा ध्यान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल को गुरुवार को आश्वासन दिया कि नगालैंड में उग्रवाद को समाप्त करने के लिए नगा विद्रोही गुटों के साथ किसी भी प्रकार के समझौते पर हस्ताक्षर करते समय केन्द्र असम और उसके लोगों का ध्यान रखेगा। असम सरकार ने दो बयान जारी किए जिसमें कहा गया है कि सोनोवाल ने मोदी और शाह से यहां अलग-अलग मुलाकात की और उस दौरान दोनों नेताओं ने सोनोवाल को यह आश्वासन दिया। बैठक के दौरान सोनोवाल ने प्रस्तावित नगा शांति समझौते के मद्देनजर प्रधानमंत्री को असम के लोगों के मूड से अवगत कराया और राज्य से संबंधित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की।



- बैठक में सोनोवाल ने समझौते के मद्देनजर असम के लोगों के मूड से अवगत कराया और राज्य से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की

## भारी बर्फबारी...



जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही भारी बर्फबारी का असर आम जन-जीवन पर पड़ा है। बर्फबारी के दौरान हुए हादसों में सेना के दो जवानों समेत 6 लोगों की मौत हो गई। श्रीनगर एयरपोर्ट पर लो विजिबिलिटी के चलते सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। श्रीनगर-जम्मू हाईवे बंद हो गया है।

## भगोड़े नीरव मोदी ने कोर्ट में कहा

# भारत भेजने आदेश हुआ तो आत्महत्या कर लूंगा



**लंदन।** पीएनबी घोटाले के आरोपी नीरव मोदी (48) ने लंदन की वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट में बुधवार को कहा कि उसके भारत प्रत्यर्पण का आदेश दिया तो वह आत्महत्या कर लेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नीरव ने जेल में तीन बार हमला होने की बात भी कही। भारत सरकार के लिए पैरवी कर रही क्राउन प्रोसिक्यूशन सर्विसेज (सीपीएस) के वकील जेम्स लेविस कहा- नीरव के बयान से उसके फरार होने की मंशा का पता चलता है। नीरव की जमानत अर्जी बुधवार को पांचवीं बार खारिज हुई। जज एम्मा अबर्थनॉट ने कहा कि पिछली बातें भविष्य में संभावित घटनाओं का संकेत देती हैं। यह नहीं मान सकते कि नीरव गवाहों को प्रभावित नहीं करेगा।

### हल्की बारिश के बाद राजधानी में फिर बढ़ा प्रदूषण

**नई दिल्ली।** दिल्ली की आबोहवा में थोड़ी राहत के बाद राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को वायु गुणवत्ता फिर 'बहुत खराब' की श्रेणी में आ गई। हल्की बारिश के चलते नमी बढ़ने से ऐसा हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि भारी नमी और हल्की हवाओं के चलते प्रदूषकों का फैलाव बढ़ा और इसके चलते अधिक संख्या में द्वितीयक कणों के निर्माण को बढ़ावा मिला। द्वितीयक कण वे हैं जो प्राथमिक प्रदूषकों और अन्य वायुमंडलीय घटकों जैसे सल्फर-डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के साथ जटिल रासायनिक प्रभाव से पैदा होते हैं।

## विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

# सिद्धू को मिली पाकिस्तान जाने की इजाजत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/इस्लामाबाद

विदेश मंत्रालय ने कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू को पाकिस्तान जाने की इजाजत दे दी है। सिद्धू ने करतारपुर कॉरिडोर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने की अनुमति मांगी थी। सिद्धू ने बुधवार ही सरकार को तीसरी चिट्ठी लिखी थी। पाकिस्तान ने कहा कि उसने भारतीय नेता नवजोत सिंह सिद्धू को नौ नवंबर को बहुप्रतीक्षित करतारपुर गलियारे के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिये वीजा जारी किया है।

*पाक विदेश मंत्रालय का बयान, कहा - भारतीय तीर्थयात्रियों को पासपोर्ट लाने की जरुरत नहीं*




### पाक के साथ कोई बातचीत नहीं, करतारपुर धार्मिक गतिविधि

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमने कभी नहीं कहा की पकिस्तान के साथ शांति का रास्ता करतारपुर कॉरिडोर के रास्ते है। यह तो धार्मिक गतिविधियां है। यह कोई द्विपक्षीय बातचीत नहीं है। बात तब होगी जब पकिस्तान आतंकी ताकतों पर कार्यवाही करेगा करतारपुर कॉरिडोर से इस पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।

### चढ़ाने के लिए मनमोहन को सौंपे गये छत्र और रुमाला

दिल्ली कांग्रेस के नेताओं ने गुरू नानक देव की 550वीं जयंती के मौके पर पाकिस्तान के करतारपुर साहिब गुरुद्वारा में चढ़ाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को गुरूवार को चांदी का एक छत्र और रुमाला सौंपे। सिंह पाकिस्तान के इस गुरुद्वारे में मत्था टेकने के लिए जाने वाले जत्थे का हिस्सा होंगे। कांग्रेस की शहर इकाई के अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने बताया कि सिंह को छत्र और रुमाला सौंपे गये।

## नजरिया





## अयोध्या मामला: सुरक्षा तैनाती के लिए 4 हजार जवानों को भेजा यूपी

# केंद्र ने राज्यों को अलर्ट रहने का दिया निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले से पहले केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से अलर्ट रहने और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश और खासतौर पर अयोध्या में सुरक्षा तैनाती के लिए अर्द्धसैनिक बलों के 4,000 जवानों को भेजा है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक आम परामर्श जारी किया गया है जिसमें उन्हें सभी संवेदनशील इलाकों में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात करने को कहा गया है।

- आरपीएफ ने परामर्श जारी किया, 78 प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ाई
- उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मंत्रालय ने अर्द्धसैनिक बलों की 40 कपंनियां राज्य में भेजी



### विहिप ने बंद किया पत्थरों को तराशने का काम

विहिप ने राम मंदिर निर्माण के लिये पत्थरों को तराशने का काम बंद कर दिया है। विहिप ने 1990 के बाद से पहली बार पत्थरों को तराशने का काम बंद किया है। विहिप के प्रवक्ता शरद शर्मा ने बताया कि अयोध्या पर आने वाले फैसले को ध्यान में रखते हुए हमारे संगठन की विभिन्न गतिविधियों से जुड़े हमारे सभी प्रस्तावित कार्यक्रम भी रद्द कर दिए गए हैं।

### सुरक्षा के मद्दनेजर कॉलेजों में बनाईं गईं 8 अस्थाई जेल

अयोध्या पर फैसले से पहले अंबेडकर नगर के अलग-अलग कॉलेजों में 8 अस्थाई जेल बनाई गई है। प्रशासन ने ऐसा फैसला सुरक्षा के मद्देनजर लिया है। प्रशासन हर परिस्थिति से निपटने के लिए सुरक्षात्मक मोड में हैं।

### गोगोई ने सौंपी तत्काल सुनवाई के मामलों की लिस्टिंग

चीफ जस्टिस रंजन गोगोई 17 नवंबर को रिटायर होने वाले हैं। इससे पहले उन्होंने नए चीफ जस्टिस नियुक्त हुए एस.ए. बोबडे को अहम मामलों की लिस्टिंग का काम दे दिया है।

## हनीट्रैप मामले को लेकर हुई कार्रवाई

# पाक को खुफिया सूचनाएं देने पर दो सैन्यकर्मी गिरफ्तार

**जैसलमेर।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की महिला एजेंट के झांसे में आकर सैन्य सूचनाएं लीक करने के आरोप में पुलिस ने दो सैन्यकर्मियों को गिरफ्तार किया है। खुफिया विभाग के सूत्रों ने बताया कि सीआईडी इंटेलिजेंस ने आईएसआई की महिला एजेंट के झांसे में आकर खुफिया जानकारियों को लीक के आरोप में पोकरण में तैनात सैन्यकर्मी विचित्र बेहरा और रवि वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद विचित्र बेहरा को पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है।



### गृह मंत्रालय ने पहले ही किया था सतर्क

गृह मंत्रालय ने एक अडवाइजरी जारी करते हुए कहा था कि पाकिस्तान के आईएसआई एजेंट भारतीय सैन्यकर्मियों को हनीट्रैप में फंसाकर खुफिया जानकारियों को हासिल करने का प्रयास कर सकते हैं।

## चालक, मार्शल और कंडेक्टर ने नहीं की कोई मदद

# जामिया के छात्र पर बस में सर्जिकल ब्लेड से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ जेबतराशी का विरोध करने पर दिया वारदात को अंजाम
■ न्यू फ्रेंडस कॉलोनी थाने में केस दर्ज

जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के छात्र पर बस में सर्जिकल ब्लेड से हमला किया गया। बी एड का छात्र बुधवार को वारदात के समय अपने दोस्त के साथ कॉलेज जा रहा था। इस बीच जेबतराशों ने उसका मोबाइल निकाल लिया। विरोध करने पर ब्लेड मारकर फरार हो गये। घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में न्यू फ्रेंडस कॉलोनी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर, इस मामले में घायल के भाई ने आरोप लगाया घटना के दौरान चालक के साथ मार्शल और कंडेक्टर ने पीड़ित की कोई मदद नहीं की थी। उनके खिलाफ भी वह कार्रवाई की मांग कर रहा है।

पुलिस को दिए बयान में कृष्ण चंद (24) ने बताया बीएड फाइनल ईयर का छात्र है। उसने बुधवार दोपहर करीब पौने तीन बजे कॉलेज जाने के लिए रुट संख्या 507 की बस सराय जुलेना से पकड़ी थी। साथ में दोस्त मो. असद (22) भी था। असद जेजे कॉलोनी बवाना व कृष्ण चंद दिलशाद कॉलोनी क्षेत्र में रहते है। बस में भीड़ काफी थी। इस दौरान कृष्ण को लगा कि कोई उसका मोबाइल निकालने की कोशिश कर रहा है। यह देख उसने विरोध किया तभी एक बदमाश ने सर्जिकल ब्लेड से असद के ऊपर हमला कर दिया।

उसके गले, छाती के पास और हाथ पर गहरा जख्म आया है। घायल के भाई मोहम्मद अंसार का कहना है कि घटना के बाद शोर शराबा मचने पर भी चालक ने बस नहीं रोकी। काफी दूर जाकर बस रोकी गई। बस में मार्शल और कंडेक्टर भी मौजूद थे, जिन्होंने कोई मदद नहीं की।

उसने आरोप लगाया कि बस के गेट खुले हुये थे जिसका बदमाशों ने फरार होने में फायदा उठाया। अगर चालक बस के गेट बंद करके रखता तो वे भाग ही नहीं पाते। इस कारण से उसने बस में मौजूद जिम्मेदार लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग की है। बहरहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है, अभी कोई बदमाश पकड़ा नहीं जा सका है।

# सात लाख के जाली नोटों के साथ एक अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली





स्पेशल सेल ने नकली नोटों का धंधा करने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय गैंग से संबंध रखने वाले तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से सात लाख के जाली नोट बरामद हुये। पकड़ा गया शख्स मालदा, पश्चिम बंगाल निवासी अमर मंडल (28) है। पुलिस की मानें तो आरोपी बांग्लादेश बॉर्डर से सटे पश्चिम बंगाल के गुलाबगंज जिले से भारत में नकली नोट मंगवाता था। बरामद नोट दो हजार और 500 के बताये गये हैं। बरामद नोट बेहद उम्दा किस्म के हैं। इन नोटों में सभी सिक्योरिटी फीचर भी मौजूद हैं। आम आदमी असली और नकली नोट में आसानी से फर्क नहीं कर सकता है। डीसीपी पी एस कुशवाहा ने बताया कि लंबे समय से उनकी टीम नकली नोटों का कारोबार करने वाले लोगों पर नजर रख रही थी। इस बीच एसीपी अत्तर सिंह और इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह की टीम को सूचना मिली कि बांग्लादेश बॉर्डर से सटे पश्चिम बंगाल के गुलाबगंज के रास्ते भारत में नकली नोट आ रहे हैं। गुलाबगंज से मालदा और फिर नोट दिल्ली-एनसीआर, बिहार समेत अन्य राज्यों में सप्लाई के लिये भेजे जाते हैं। मंगलवार को मिली सूचना के बाद बुधवार को अमर मंडल को सुबह 10 बजे ओखला सब्जी मंडी के पास से दबोचा गया। उसके पास से कुल सात लाख रुपये के नकली नोट बरामद हुए। पुलिस की पूछताछ में नकली नोटों के सप्लायर ने बताया कि वह करीब तीन सालों से नकली नोटों का धंधा कर रहा है। शुरुआत में वह सब्जी बेचता था। इस बीच वह नकली नोटों का धंधा करने वाले ऐजुल मियां के संपर्क में आया। ऐजुल के कहने पर वह कमीशन पर नोटों की सप्लाई कर रहा था। पुलिस को आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह बांग्लादेश से हाफ रेट में नकली नोट खरीदता था।

# घायल पुलिसकर्मियों से मिलने पहुंचे कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



तीस हजारी कोर्ट में पुलिस व वकीलों को बीच हुई हिंसक भिड़त में घायल हुए पुलिसकर्मी संदीप के अलावा 16 अन्य पुलिस कर्मियों से दिल्ली पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा और जल्द ठीक होने की कामना की। वहीं, ज्वॉइंट सीपी, सेंट्रल ने तीस हजारी कोर्ट के बार एसोसिएशनों के सदस्यों को चर्चा के लिए, जीओ के मेस, अलीपुर रोड पर एक बैठक बुलाई। चर्चा का मुख्य उद्देश्य सामान्य कामकाज को फिर से शुरू करने के लिए और बड़े मुद्दों के अनुकूल एक बड़े स्तर पर एक अलग बैठक आयोजित की जाएगी।

# फायरिंग केस में चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



इंद्रपुरी इलाके में तीन नवंबर की रात एक शख्स के घर पर फायरिंग करने के केस को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस केस में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से कई हथियार भी बरामद हुये। गिरफ्तार लोगों के नाम हरिकिशन, वरुण उर्फ शंकर, विक्रांत उर्फ पिंटू और हनी रावत हैं। इन्होंने जिस शख्स के घर पर दो राउंड फायरिंग की थी वह एक मर्डर केस के गवाह का दोस्त है। गवाह और शिकायतकर्ता को धमकाने के मकसद से फायरिंग की गई थी। एडिशनल डीसीपी फर्स्ट समीर शर्मा के अनुसार पुलिस को जेजे कॉलोनी इंद्रपुरी के रहने वाले शिवा नामक शख्स ने अपने घर पर फायरिंग की शिकायत दी थी। केस दर्ज कर एसएचओ सुरेंद्र सिंह व इंस्पेक्टर पवन तोमर के नेतृत्व में बनी टीम ने इलाके में सैंकड़ों कैमरों की फुटेज खंगाली तो वरुण उर्फ शंकर नामक शख्स का पता चला। उसे बी ब्लॉक इंद्रपुरी से गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की गई। उसने सुनील उर्फ कार्तिक रामालिंगम का नाम उगला। इसके बाद हरिकिशन, विक्रांत और हनी रावत को इंद्रपुरी रेलवे लाइन के नजदीक डी ब्लॉक से पकड़ा गया। पुलिस सुनील की तलाश में है।

**CHAMAK HOLDINGS LIMITED**
Regd. Office: 55-B, Rama Road Indl Area, New Delhi-110015
CIN: L51494DL1984PLC019684
Email:chamakholdings@gmail.com
**NOTICE**
This is to bring to your notice that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Thursday, the 14th day of Nov 2019at 03:30 P.M at the 1/1, Kirti Nagar Main Road, New Delhi-110015, to inter alia, consider and approve Un-Audited Financial results for the Second quarter and Half year ended on 30th Sep, 2019.
Further, pursuant to the SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015, the Trading Window for dealing in the securities of the Company is already closed from 1st Oct, 2019 till the expiry of 48 hours after the declaration of Un-Audited Financial Results of the Company for the Second quarter and Half year ended 30th Sep, 2019.
For Chamak Holdings Limited
Sd/-
Deepti Gupta
Company Secretary & Compliance officer
M. No. A55551
Place: New Delhi
Date: 06.11.2019

# रोडवेज बस ने दो बाइक सवारों को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ मौके से भागने के चक्कर में युवक पर चढ़ाया था बस का पहिया
■ हादसे में एक युवक की मौत एक घायल

पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र थाना इलाके में उत्तर-प्रदेश रोडवेज की पिंक बस ने अलग-अलग बाइकों पर सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिर गए। मौके से भागने के चक्कर में बस चालक ने बस का पहिया विनोद कुमार (35) के उपर चढ़ा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल रोहित कुमार (30) को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

पुलिस ने विनोद के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। हादसे के बाद बस चालक बस समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बस की पहचान कर चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, विनोद, डी-1/124, नंद नगरी में सपरिवार रहता था। परिवार में पिता रामा शंकर व अन्य सदस्य हैं। विनोद नोएडा में एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। बुधवार को वह बाइक से अपने दफ्तर जा रहा था। आनंद विहार पहुंचने के बाद जैसे ही वह टेल्को फ्लाईओवर के पास पहुंचा। तभी यूपी रोडवेज की पिंक बस ने उसे व एक अन्य बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों गिर गए। फरार होने के चक्कर में आरोपी चालक ने विनोद के ऊपर बस का पहिया चढ़ा दिया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को लेकर अस्पताल गई, जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

### युवक ने खींचा बस का फोटो

हादसे के बाद मौके से फरार हो रहे बस चालक को लोगों ने पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह फरार हो गया। इसी बीच एक युवक ने बस चालक की फोटो खींच ली। बाद में उसने फोटो पुलिस के हवाले कर दी। पुलिस रोहित के बयान पर मामला दर्ज कर बस और उसके चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# शूटआउट के बाद 50 हजार का इनामी बदमाश चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ गैंगस्टर और बंजारों के प्रधान प्रवीण राठौर उर्फ कालू बंजारा की हत्या में भी शामिल रहा है आरोपी

क्राइम ब्रांच ने द्वारका इलाके में बुधवार देर रात शूटआउट के बाद एक नामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। कंझावला निवासी दर्शन डबास नामक इस बदमाश की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। पुलिस के अनुसार आरोपी गत दिनों गैंगस्टर और बंजारों के प्रधान प्रवीण राठौर उर्फ कालू बंजारा की हत्या में भी शामिल रहा है। पुलिस ने इसके पास से एक पिस्टल और कारतूस बरामद किया है। डीसीपी राजेश देव ने बताया कि बुधवार रात आईएससी की टीम को दर्शन डबास के धुलसिरस गांव के पास आने की खबर मिली। इंस्पेक्टर गुरमीत सिंह की टीम ने मौके पर ट्रैप लगाया। रात करीब साढ़े 11 बजे एक कार से आए बदमाश को पुलिस ने रोकने की कोशिश की। लेकिन चालक ने गाड़ी की स्पीड तेज कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने कुछ दूर कार का पीछा किया और कार रूकवा ली। पकड़े जाने के डर से कार सवार ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इसके जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलायी। बदमाश की तरफ से दो और पुलिस ने चार राउंड फायर किए। एक गोली हेडकांस्टेबल विरेंद्र की बुलेट प्रूफ जैकेट पर भी लगी। आखिरकार पुलिस टीम इस बदमाश को पकड़ने में कामयाब हो गई। आरोपी नजफगढ़, कंझावला और गुड़गांव में तीन संगीन वारदातों में कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित किया जा चुका था। कालू बंजारा की हत्या के केस में पुलिस पहले भी गिरफ्तारियां कर चुकी है। बंजारे की हत्या का मास्टर माइंड डबास ही था। बंजारे ने उसके एक रिश्तेदार की प्रॉपर्टी पर कब्जा किया हुआ था। पुलिस के अनुसार डबास नजफगढ़ थाने के एक अन्य हत्या और गुरुग्राम डीएलएफ के हत्या के प्रसास केस में भी शामिल रहा है। नजफगढ़ थाने का हत्या का केस 2008 का था जिसमें शादी से लौटते समय क्रिकेटर विरेंद्र सहवाग के रिश्तेदार की हत्या की गई थी।

**PANAFIC INDUSTRIALS LIMITED**
CIN: L45202DL1985PLC019746
Regd. Off: 23, IInd Floor, North West Avenue, Club Road, West Punjabi Bagh, New Delhi-110026
E-Mail: panafic.industrials@gmail.com
Website: www.panaficindustrialsltd.com
Tel. No.: (011) 25223461, 25221200
**NOTICE**
Pursuant to the Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, NOTICE is hereby given that a Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Thursday, the 14th November, 2019 at 23, IInd Floor, North West Avenue, Club Road, West Punjabi Bagh, New Delhi-110026 inter-alia to consider and approve the Un-audited Financial Results of the Company for the quarter and half year ended 30th September, 2019.
The said information is also available on the Company's website at www.panaficindustrialsltd.com and may also be available on the website of the Stock Exchange at www.bseindia.com.
For Panafic Industrials Limited
Sd/-
Sarita Gupta
Managing Director
DIN: 00113099
Place: Delhi
Date: 07.11.2019

# शाहबाद डेयरी इलाके में युवक की पीट-पीटकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

शाहबाद डेयरी थाना इलाके में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक का नाम लोकेश (35) है। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप पड़ोस में रहने वाले चार लोगों पर लगाया है। वहीं, मृतक परिजनों का आरोप है कि आरोपियों के परिवार में एक शख्स दिल्ली पुलिस में बतौर एएसआइ तैनात है। जिसकी वजह से उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि मेडिकल बोर्ड के पैनल द्वारा लोकेश के शव का पोस्टमार्टम होगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, लोकेश, बरवाला गांव में सपरिवार रहता था। वह रेलवे में सिग्नल विभाग में कार्यरत था। लोकेश के ससुर के अनुसार, देर रात करीब 11 बजे लोकेश अपने काम से घर लौट रहा था। इसी बीच उसका पड़ोसी से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ।

## मनी एक्सचेंजर के ऑफिस में घुसकर लूट

नई दिल्ली। शाहीनबाग इलाके में बदमाशों ने एक मनी एक्सचेंजर के ऑफिस को निशाना बनाया। हथियार बंद बदमाश लगभग दो लाख रुपए और दो मोबाइल लूटकर फरार हो गए। यह वारदात बीच बाजार में बने ऑफिस के अंदर अंजाम दी गई। पुलिस के अनुसार फिरदौस मस्जिद के पास जफर कम्यूनिकेशन के नाम से मनी एक्सचेंज के साथ टूर एंड ट्रेवल का ऑफिस है। शाम करीब साढ़े सात बजे दो लोग ऑफिस में घुस आए। हेलमेट पहने एक बदमाश ने पिस्टल दिखाकर कैश की डिमांड की। रुपए नहीं देने पर गोली मार देने की धमकी दी। इसके बाद बदमाश काउंटर में रखे दो लाख रुपए और दो मोबाइल जबरन लेकर वहां से निकल गए। शोर शराबा मचने के बाद मौके पर कुछ लोग बदमाशों के पीछे भागे, लेकिन बदमाश हाथ नहीं आए। इसके बाद पुलिस को वारदात की सूचना दी गई। पुलिस आसपास के एरिया में लगे कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## 13 वर्षीय लड़की का बाल विवाह होने से रोका

नई दिल्ली। गाजीपुर इलाके में बाल कल्याण समिति और चाइल्ड लाइन की टीम ने 13 वर्षीय एक लड़की का बाल विवाह होने से रोका। बाद में मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने लड़की के परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। टीम ने लड़की को मयूर विहार के बालिका ग्रह में भेज दिया है। पुलिस लड़की के परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, एक शख्स ने कमेटी को गुप्त सूचना दी कि गाजीपुर इलाके में एक परिवार 13 वर्षीय एक लड़की की शादी करवा रहे है। सूचना मिलते ही कमेटी लड़की के घर पहुंच गई। कमेटी ने परिवार से आग्रह किया कि वह लड़की की शादी न कराये और यह गैरकानूनी है। इसके बाद भी परिवार नहीं माना और उन्होंने लड़की की शादी छह नवंबर को तय कर दी थी। कमेटी ने एसडीएम और लोकल पुलिस के साथ मिलकर शादी से पहले ही लड़की को मुक्त करवा लिया। लड़की को पहले बाल कल्याण समिति में पेश किया, जिसके बाद उसे बालिका ग्रह में भेज दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# कर्मचारी की मदद से गोदामों में करते थे चोरी, तीन पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मुंडका थाना पुलिस ने ऐसे कुख्यात चोरों के गिरोह का पर्दाफाश किया है, जोकि गोदाम व कारखानों में काम करने वाले कर्मचारी की मदद से चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम मोहम्मद प्रवेज (27), मोहम्मद सद्दाम (28) और नदीम (22) है। तीनों आरोपी जेजे कॉलोनी, सावदा के रहने वाले है। पुलिस की माने तो आरोपी प्रवेज तीन मामलों और सद्दाम कंझावला मामले में शामिल रह चुका है। पुलिस ने इनके पास से आठ कूलर, लैपटॉप, एलईडी और अन्य सामान बरामद किया है। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस नौ मामले सुलझाने का दावा कर रही है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (आउटर) डॉ. ए कॉन के मुताबिक, इलाके में लगातार हो रही चोरियों को रोकने के लिए एसीपी आनंद सागर की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया। टीम में मुंडका एसएचओ सुरेंद्र संधु, एसआइ रमेश, उदय, हेड कांस्टेबल विजय, प्रदीप, कांस्टेबल धर्मवीर और सुशील मौजूद रहें। टीम ने गुप्त सूचना के बाद तीनों आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि मौज की जिंदगी जीने के लिए वह चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। आगे उन्होंने बताया कि वह टाटा टैंपो लेकर चोरी की वारदात को अंजाम देने जाते थे। वारदात के बाद वह किराये पर गोदाम लेकर चोरी के माल को उसमें छिपा देते थे। बाद में वह अलग-अलग लोगों को चोरी का माल बेच देते थे।

## दो दिनों से लापता युवक का शव कुंए से मिला

**नई दिल्ली।** नरेला थाना इलाके में दो दिनों से लापता युवक का शव बृहस्पतिवार को एक कुंए से मिला। मृतक का नाम मुर्शिद आलम (29) है। मुर्शिद के परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या की गई है। वहीं, डीसीपी (आउटर-नॉर्थ) गौरव शर्मा का कहना है कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखवा दिया गया है। शुक्रवार को मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मामले की जांच की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, मुर्शिद आलम, पॉकेट 11, नरेला में सपरिवार रहता था। परिवार में पत्नी मुमताज, बेटी साहीन, बेटा आयन और रिबान हैं। वह पानीपत में नौकरी करता था। जीजा नदीम खाने ने बताया कि उसकी पत्नी का राजा हरिशचंद्र अस्पताल से इलाज चल रहा है। मंगलवार को अस्पताल में दिखाने के बाद अपनी पत्नी को घर लेकर चल गया। इसके बाद करीब 7:30 बजे वह मेडिकल स्टोर से दवाई लेने के लिए गया था। देर रात तक वह घर नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने नरेला थाना में युवक की गुमशुदगी की शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी। मुर्शिद के रिश्तेदार उसे लगातार तलाश रहे थे। बृहस्पतिवार को उन्हें उसका शव एक कुंए में मिल गया।

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **उम्र** : 55–60 साल, **कद** : 5'6", **रंग** : सांवला, जिसने सफेद रंग की बनियान और काले रंग की हाफ निक्कर पहने हुए था, दिनांक 31.10.2019 को पुरानी लाजपतराय मार्केट के सामने, नजदीक पागल बाबा मन्दिर, दिल्ली में मृत पाया गया। इस संदर्भ में डीडी सं. 31–पीपी दिनांक 31.10.2019 थाना कोतवाली, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

**थानाध्यक्ष : थाना कोतवाली, दिल्ली**
**दूरभाष सं. 011-23953442, 23977100**

DP/602/N/19

## बदमाशों ने घर में मौजूद बुजुर्ग को चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर की वारदात

# रिश्ता जोड़ने के बहाने आये और लूटपाट कर चले गये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ उत्तम नगर की घटना



द्वारका जिले के उत्तम नगर में कुछ बदमाश लड़का देखने के बहाने से घर आए और लूटपाट कर फरार हो गये। वारदात को अंजाम देने से पहले बदमाशों ने घर में मौजूद बुजुर्ग व्यक्ति को चाय में नशीली चीज मिलाकर पिला दी थी। बुजुर्ग के बेहोश होने पर उसे नींद का इंजेक्शन भी लगाया गया। इसके बाद घर से 20 हजार रुपए कैश व तीन मोबाइल लूटकर फरार हो गए। बुजुर्ग को अस्पताल में दो दिन बाद होश आया। पुलिस ने बुजुर्ग की बेटी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है। भूमिका बक्शी राम विहार, ओम विहार, उत्तम नगर इलाके में रहते है। परिवार में 80 वर्षीय बुजुर्ग पिता व भाई है। पिता सरकारी नौकरी से रिटायर्ड है। भाई एमसीडी में काम करता है। भूमिका ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने भाई की शादी के लिए अखबार में विज्ञापन दिया था। इसके बाद गत सोमवार को एक शख्स का फोन आया। उसने बताया कि विज्ञापन देखने के बाद कॉल कर रहा है। उन्होंने लड़के को देखने की इच्छा जाहिर की थी। पहले उन्हें रविवार को आने के लिये बोला गया था। लेकिन उन्होंने बुधवार शाम मिलने की बात कहीं थी। लेकिन वह शख्स मंगलवार दोपहर को ही उनके घर पहुंच गया। उसके साथ एक लड़की, एक 8 साल व एक 13 साल का बच्चा था। बुजुर्ग ने उन्हें बेटे के घर पर न होने की बात भी कहीं लेकिन उन्होंने इंतजार की बात कहीं। सभी घर में दाखिल हो चुके थे तो बुजुर्ग ने उन्हें जूस पीने का ऑफर दिया। उन्होंने मौसम सही नहीं होने का बहाना बनाकर चाय की इच्छा जताई। इसके बाद शख्स के साथ आई लड़की ने चाय बनाई। चाय पीते ही बुजुर्ग को चक्कर आने लगा। तभी उन्होंने बुजुर्ग को नींद का इंजेक्शन लगा दिया। इसके बाद वे घर में रखा कैश और तीन मोबाइल ले उड़े।

## गुमशुदा / अपहृत की तलाश



आशू

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लडकी जिसका नाम **आशू पुत्री मोहन लाल** निवासी म.नं. D-777, कैम्प नं. 02 नांगलोई, दिल्ली जो थाना नांगलोई, दिल्ली एरिया से दिनांक 19.07.2019 से लापता/अपहृत है। इस बाबत **DD No. 27-A दिनांक 20.07.2019 थाना नांगलोई, दिल्ली** में दर्ज है। इस लडकी का शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है :

**उम्र** : 19 वर्ष, **रंग** : साफ, **कद** : 5' 2", **चेहरा** : गोल, **पहचान** : चेहरे पर तिल और मानसिक रुप से कमजोर, **पहनावा** : गजरी रंग का सूट सलवार और जामुनी रंग की चप्पल पहने है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लडकी का कोई सुराग नही मिल पाया है। अगर किसी व्यक्ति को इस लडकी के बारे में कोई जानकारी मिले तो थाना नांगलोई, दिल्ली को निम्नलिखित नं. व ई–मेल : cic@cbi.gov.in और वेबसाइट: http://cbi.nic.in पर सूचित करें।

**फोन : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

**हस्ता/- थानाध्यक्ष**
**थाना : नांगलोई, दिल्ली**
**फोन : 011-25947225**

DP/2811/OD/19

## खबर संक्षेप



### दिव्यांगों के सपनों को मिलेगी नई दिशाः गौतम

नई दिल्ली। समाज कल्याण विभाग और लोक नायक अस्पताल के तत्वावधान में दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मध्य जिले के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों से दिव्यांग जनों ने दिव्यांग प्रमाणपत्र, डीटीसी पास, रेलवे पास, पहचान पत्र, विद्यालयों में पंजीकरण, कृत्रिम उपकरण आदि सुविधाओं का लाभ मिला। इस मौके पर समाज कल्याण मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम ने एलएनजेपी अस्पताल का दौरा किया। समाज कल्याण मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम ने शिविर में पहुंचकर सभी सुविधाओं की जानकारी ली। शिविर में पहले दिन कुल 118 पंजीकरण हुए, दूसरे दिन 106 जो कुल मिलाकर 214 हुए।

### करतारपुर साहिब के लिए पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को सौंपा चांदी का छत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा की अगुवाई में एक प्रतिनिमिध मंडल ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को उनके आवास पर जाकर एक चांदी का छत्र, रूमाला, कृपाण और सरोपा भेंट किया। डॉ. सिंह पाकिस्तान में करतारपुर साहिब गुरुद्वारा में माथा टेकने जाएंगे। इस मौके पर चोपड़ा के साथ पूर्व मंत्री प्रो. किरण वालिया, गुरचरण सिंह, अबजीत सिंह गुलाटी, जगजीत सिंह सिक्का, गुरमीत सिंह, कुलजीत सिंह, अमनदीप सिंह, टोनी सब्बरवाल व सुखविन्दर सिंह शामिल थे। चोपड़ा ने कहा कि हमने प्रदेश कांग्रेस की तरफ चांदी का छत्र व अन्य चीजें डॉ. सिंह को भेंट की है।

### नहीं बंद होगी दिल्ली की 50 हजार स्ट्रीट लाइट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर व उत्तरी पूर्वी क्षेत्र में बिजली वितरण का कार्य कर रही टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) कंपनी अपने इलाके की करीब 50 हजार स्ट्रीट लाइटें बंद नहीं करेगी। टीपीडीडीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संजय बंगा ने गुरूवार को एक बिजली वितरण को बेहतर बनाने संबंधी एक कार्यक्रम के दौरान बताया कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम और डीएसआईआईडीसी से उनके अधिकार क्षेत्र में अनाधिकृत इलाकों में लगी करीब 50 हजार स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव के लिए करीब 7 करोड़ रुपये के भुगतान का बकाया था। जिसको लेकर हमने उक्त विभागों को चेताते हुए कहा था कि यदि बकाया राशि उक्त विभागों ने नहीं दी तो बिजली काट दी जाएगी। जिसके बाद उक्त विभागों ने आपस में वार्तालाप हुई और हमें बताया गया कि बकाया राशि देने प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और डीएसआईआईडीसी हमें बकाया देगी। हमें उम्मीद है कि जल्द यह बकाया राशि मिल जाएगी।

## सीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# क्लस्टर सेवा में और 100 नई बसें शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को क्लस्टर सेवा की 100 नई बसों को राजघाट डिपो हरी झंडी दिखाकर दिल्ली के विभिन्न रूटों पर रवाना किया। ये 100 बसें एक हजार स्टैंडर्ड फ्लोर बसों की लाने की दूसरी खेप है। इनकी पहली खेप 25 अक्टूबर को आई थी जिसमें 104 बसें शामिल थी। संतरी कलर की ये नई बसें 37 सीटों वाली हैं। सभी बसों में हाइड्रोलिक लिफ्ट है। जिससे दिव्यांग जनों को बस में सवार होने में सहूलियत होगी। इसके अलावा बस में 14 पैनिक बटन लगाए गए हैं। हर साइड में 7-7 पैनिक बटन हैं। इसके साथ ही तीन सीसीसीटीवी कैमरे अंदर लगाए गए हैं। इस दौरान उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत व अन्य अधिकारी मौजूद थे।



नई दिल्ली में गुरुवार को राजघाट डिपो में एक बस ड्राइवर से मिलते सीएम अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया। फोटो : छत्र सिंह

### अगले 6-7 महीनों में आएंगी 3000 बसें

बसों को रवाना करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए पूरी दुनिया में पहचाना जा रहा है, जल्द ही दिल्ली को अपने पब्लिक बस सिस्टम के लिए भी जाना जाएगा। दिल्ली सरकार अगले 6-7 महीनों में राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों पर 3000 बसें उतारने वाली है। जिसमें से 1000 इलेक्ट्रिक बसें भी दिल्ली में आएंगी। यह भारत में किसी राज्य में अब तक का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक हजार नई बसें आने से दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था ठीक हो जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र के लोग अब तक बसों की कमी का सामना कर रहे थे। मेट्रो स्टेशनों, अस्पतालों और ट्रैफिक इंटरचेंज हब के लिए कश्मीरी गेट, आनंद विहार टर्मिनल और सराय कालेन खान में मेट्रो स्टेशनों, कनेक्टिविटी प्रदान करने वाले अतिरिक्त मार्गों को इन बसों द्वारा सेवा दी जाएगी।

**इन रूटों पर चलेंगी बसें**

- नरेला से मोरी गेट टर्मिनल - 18
- पल्ला से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन - 17
- निलवाल से करमपुरा टर्मिनल - 6
- उत्तम नगर टर्मिनल से जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम - 8
- नरेला से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन - 12
- आदर्श नगर से केंद्रीय टर्मिनल - 19
- नांगलोई से नरेला - 20

### बसों का समय पर होगा रखरखाव

नई क्लस्टर बसों के समय पर रखरखाव के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बसों के फीचर मेंटेंन रहेंगे। पहले सुविधा डिलीवरी की समस्या थी। अब ऐसा नहीं होगा। बसों का रखरखाव होगा। जैसे हम अस्पतालों का रखरखाव कर रहे हैं, वैसे ही बसों का भी करेंगे। स्कूलों और अस्पतालों को बनाए रखने के लिए पिछली सरकारों को भी बजट स्वीकृत किए गए थे, लेकिन केवल इस सरकार ने उस बजट के साथ स्कूलों और अस्पतालों को बेहतर बनाने पर काम किया है। उसी तरह यह सरकार बसों की सभी सुविधाओं का समय पर रखरखाव सुनिश्चित करेगी।

### विमान खरीदने के बजाय सीएम ने बस यात्रा मुफ्त कर दी : सिसोदिया

नई दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार को गुजरात के सीएम के लिए 191 करोड़ रुपए का विमान खरीदने के मामले पर गुजरात की भाजपा सरकार पर तंज कंसते हुए कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री ने अपने लिए 191 करोड़ रुपए का विमान खरीदा है। जबकि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने दिल्ली की महिलाओं के लिए बस यात्रा मुफ्त कर दी है। वहीं दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन ने ट्वीट कर तंज कंसते हुए कहा कि लोग पूछते हैं कि महिलाओं का सफर फ्री करने के पैसे कहां से आए। क्योंकि आपके सीएम ने अपने लिए विमान खरीदने की बजाए उस पैसे से आपका सफर फ्री कर दिया। किसी भी सरकार में पैसे की कमी नहीं है।

## 11 व 12 को ऑड ईवन में छूट पर फैसला आज

**नई दिल्ली।** गुरु नाक जयंती के कारण 11 और 12 नवंबर को ऑड-ईवन में सिख समुदाय के द्वारा छूट मांगने के अनुरोध पर दिल्ली सरकार आज शुक्रवार को बैठक कर निर्णय लेगी। यह बात दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नई बसों को हरी झंडी दिखाने के बाद मीडिया से बात करते हुए दी है। सीएम ने कहा कि गुरु नानक जयंती के कारण 11 और 12 नवंबर को ऑड-ईवन योजना से छूट पर निर्णय लेने के लिए बैठक होगी। हम सिख समुदाय की भावनाओं का सम्मान करते हैं। कई सिख संगठन ने अनुरोध किया है कि 550 वीं गुरु नानक जयंती के कारण 11 और 12 नवंबर को ऑड-ईवन ड्राइव से छूट दी जाए। हम इस पर आज फैसला लेंगे। दिल्ली में प्रदूषण कम हो गया है। बारिश से और राहत मिली है। ऑड-ईवन योजना का उल्लंघन करने पर गुरुवार को दोपहर तक 454 लोगों का चालान किया गया।



## बसों में मेट्रो की तरह घोषणा की मांग वाली याचिका पर ज्ञापन की तरह विचार करे सरकार : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया है कि सार्वजनिक परिवहन की बसों में मेट्रो ट्रेनों की तर्ज पर दरवाजों के खुलने तथा आगामी बस स्टॉप आने पर स्वघोषणा और डिजिटल डिस्प्ले की मांग वाली जनहित याचिका को ज्ञापन की तरह माना जाए। न्यायमूर्ति डी एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की पीठ ने एंटी करप्शन काउंसिल ऑफ इंडिया ट्रस्ट की याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए निर्देश जारी किया। अदालत ने कहा कि संगठन को अदालत में आने से पहले सरकार को ज्ञापन देना चाहिए। पीठ ने कहा कि इस तरह की याचिकाओं को स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि यह प्रतिवादी (सरकार) की विशेषज्ञता पर निर्भर करता है कि क्या इस तरह की सुविधाओं को मौजूदा बसों में जोड़ा जा सकता है या नहीं। अदालत ने पीआईएल का निस्तारण करते हुए कहा कि हम इस रिट याचिका पर विचार करने की कोई वजह नहीं देखते। फिर भी, हम प्रतिवादियों को निर्देश देते हैं कि इस याचिका को ज्ञापन की तरह लिया जाए, इस रिट याचिका में याचिकाकर्ता की प्रार्थना पर विचार किया जाए और कानून के अनुसार काम किया जाए।



# साइकिल से पराली लेकर सिसोदिया के घर पहुंचे गोयल

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की प्रदूषण पर विफलता और पंजाब में आप द्वारा पराली जलाने के विरोध में भाजपा सांसद विजय गोयल साइकिल पर पराली लेकर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर पहुंचे। इस मौके पर गोयल के साथ विधायक ओ.पी. शर्मा, अनिल वाजपेयी, ऋचा पांडेय, स्थायी समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। लेकिन सिसोदिया गोयल से नहीं मिले। इस बारे में गोयल ने कहा कि हम पंजाब में 'आप' द्वारा पराली जलाने पर और दिल्ली में पराली से प्रदूषण होने को मुददा बना रही आप सरकार के उपमुख्यमंत्री को पराली का गुच्छा भेंट करने पहुंचे थे। लेकिन उपमुख्यमंत्री सिसोदिया इसलिए हमसे नहीं मिले क्योंकि प्रदूषण के लिए आप सरकार पांच साल में कुछ नहीं कर पाई है। हमने पत्र लिखकर दिल्ली सरकार से पूछा था कि वह बताए पांच सालों में प्रदूषण को कम करने के लिए क्या काम किये। गोयल ने कहा कि गत पांच साल में केजरीवाल सरकार ने किसी को भी साथ लेकर प्रदूषण पर काम करने कि कोशिश नहीं की। इनमें दिल्ली के सातों सांसदों, एमसीडी और ना ही केंद्र सरकार के साथ, यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों की भी परवाह नहीं करना शामिल है। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी के विधायक पराली जला रहे हैं, जलवा रहे हैं और लोगों को उकसा रहे हैं। अगर प्रदूषण 25 प्रतिशत से कम हो गया था और अगर प्रदूषण पराली से हो रहा था तो ऑड-ईवन के नाटक की क्या जरुरत थी?, गोयल ने कहा अब जबकि हवा चल रही है, बारिश हो रही है, धूप खिल रही है, बच्चें भी स्कूल जाने शुरू हो गए हैं तो ऑड ईवन की क्या जरुरत बचती है। सुप्रीम कोर्ट ने भी साफतौर पर कह दिया है कि ऑड ईवन में भेदभाव किया गया है और इसको ठीक तरह से लागू नहीं किया गया। गोयल ने कहा कि ऑड ईवन योजना के अंतर्गत जिन वाहनों पर प्रतिबन्ध लगना चाहिए था उन्हें तो छूट दे दी गयी और जिन्हें छूट देनी चाहिए थी उन पर प्रतिबंध लगा दिया गया।




## पराली के उपाय के लिए केजरीवाल ने विशेषज्ञों के साथ बैठकें कीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कृषि अपशिष्ट से निपटने के संभावित उपाय तलाशने के लिए गत दो दिनों में कृषि विशेषज्ञों, उद्यमियों और उद्योगों के विशेषज्ञों के साथ कई बैठकें की हैं। यह जानकारी गुरुवार को जारी बयान में दी गई। बयान में कहा गया कि गत कुछ वर्षों में दिल्ली ने वायु प्रदूषण में वार्षिक वृद्धि देखी है जिसका सीधा संबंध अक्टूबर और नवंबर में हरियाणा एवं पंजाब में पराली जलाने से है। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते प्रदूषण के उच्च स्तर की वजह से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में जन स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा करनी पड़ी। दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार ने इसके लिए पंजाब एवं हरियाणा में जलाए जा रहे पराली को जिम्मेदार ठहराया है। बयान के मुताबिक बुधवार को बैठकों के बाद केजरीवाल ने कहा कि प्रौद्योगिकी की मदद से पराली को सीएनजी गैस में तब्दील करना आर्थिक रूप से व्यावहारिक है। इस कदम से वायु प्रदूषण घटने के साथ-साथ लोगों को रोजगार मिलेगा और किसानों को अतिरिक्त आय होगी। विशेषज्ञों को उद्धृत करते हुए बयान में कहा गया कि पराली का निपटान न केवल पर्यावरण अनुकूल है बल्कि आर्थिक रूप से भी व्यावहारिक है। इसमें बड़ी संख्या में रोजगार सृजित करने की भी क्षमता है। सभी राज्य और केंद्र सरकार को उपलब्ध विकल्पों पर विचार करना चाहिए और मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अगले साल इस तरह की पर्यावरण आपदा दोबारा नहीं आए। उल्लेखनीय है कि दो नवंबर को केजरीवाल ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को पत्र लिखकर प्रदूषण की समस्या पर हस्तक्षेप करने और पराली जलाने की समस्या के समाधान के लिए ठोस योजना बनाने की मांग की थी।

## भारी नमी के चलते हवा 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंची

**नई दिल्ली।** दिल्ली की आबोहवा में थोड़ी राहत के बाद राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को वायु गुणवत्ता फिर 'बहुत खराब' की श्रेणी में आ गई। हल्की बारिश के चलते नमी बढ़ने से ऐसा हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि भारी नमी और हल्की हवाओं के चलते प्रदूषकों का फैलाव बढ़ा और इसके चलते अधिक संख्या में द्वितीयक कणों के निर्माण को बढ़ावा मिला। द्वितीयक कण वे हैं जो प्राथमिक प्रदूषकों और अन्य वायुमंडलीय घटकों जैसे सल्फर-डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के साथ जटिल रासायनिक प्रभाव से पैदा होते हैं। ये वायुमंडलीय घटक आग जलने और वाहनों के धुएं से निकलते हैं। द्वितीयक कणों में सल्फेट्स, नाइट्रेट्स, ओजोन और कार्बनिक एरोसोल शामिल हैं। दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम पौने पांच बजे 309 था। ये बुधवार रात नौ बजे 217 था पड़ोसी नोएडा (328), गाजियाबाद (325), ग्रोटर नोएडा (318) और फरीदाबाद (312) में भी वायु गुणवत्ता प्रभावित हुई। एक्यूआई 0-50 के बीच 'अच्छा', 51-100 के बीच 'संतोषजनक', 101-200 के बीच 'मध्यम', 201-300 के बीच 'खराब', 301-400 के बीच 'अत्यंत खराब', 401-500 के बीच 'गंभीर' और 500 के पार 'बेहद गंभीर' माना जाता है। सरकार के वायु गुणवत्ता निगरानी और पूर्वानुमान सेवा 'सफर' के प्रमुख गुफरान बेग ने कहा कि ठंडे मौसम में छिटपुट बारिश हमेशा ही नुकसानदेह होती है क्योंकि इससे नमी बढ़ती है, जिससे द्वितीयक कण सृजित होते हैं। हालांकि, मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि हरियाणा और पंजाब में अच्छी बारिश हुई है, इससे दिल्ली में पराली जलाने का प्रभाव कम होगा। निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट वेदर के वरिष्ठ वैज्ञानिक महेश पालावत ने कहा कि हमारा अनुमान है कि बर्फबारी के चलते जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से ठंडी, सूखी हवाएं चलेंगी। सूखी हवा से नमी में कमी आएगी। अगले 24 घंटे के बाद हवा की गुणवत्ता में सुधार होने लगेगा।



## प्रदूषण में 25% कमी का आप सरकार का दावा सही नहीं : ग्रीनपीस

नई दिल्ली। पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाली स्वयंसेवी संस्था ग्रीनपीस इंडिया ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली सरकार का यह दावा सही नहीं है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान वायु प्रदूषण में 25 प्रतिशत की कमी आई है। एनजीओ के विश्लेषण के मुताबिक, "दिल्ली और आसपास के राज्यों में वायु गुणवत्ता निगरानी और उपग्रह के आंकड़ों के साथ ही पेट्रोल-डीजल जैसे जीवाश्म ईंधन की बढ़ती खपत को मिलाकर देखें तो सरकार का यह दावा सही नहीं लगता है कि पिछले वर्षों के दौरान प्रदूषण के स्तर में 25 प्रतिशत की कमी आई है। दिल्ली सरकार के विज्ञापनों में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया है कि पीएम (प्राथमिक कण, जिनका व्यास 2.5 माइक्रॉन के बराबर या कम हो) का स्तर 2016 और 2018 के बीच घटकर औसतन 115 रह गया है, जो 2012 और 2014 के बीच औसतन 154 था। इन दावों को मानें तो प्रदूषण में 25 प्रतिशत की कमी आई है। हालांकि ग्रीनपीस इंडिया का कहना है कि उपग्रह के आंकड़े बताते हैं कि पीएम के स्तर में 2013 से 2018 के बीच कोई संतोषजनक कमी नहीं आई है। पिछले तीन वर्षों की तुलना में सिर्फ 2018 के बाद के हिस्से में थोड़ी कमी देखने को मिली है। आप सरकार के दावों के विपरीत एनजीओ ने कहा है कि कुछ मामलों में प्रदूषण बढ़ा है। ग्रीनपीस ने कहा है कि ये उल्लेखनीय है कि दिल्ली और पड़ोस के दो राज्यों-हरियाणा और पंजाब में कोयले की खपत 2015-16 से 2018-19 के बीच 17.8 प्रतिशत बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी ओर इस दौरान पेट्रोलियम उत्पादों की खपत 3.3 प्रतिशत बढ़ी, जिससे उत्सर्जन बढ़ा।

### केंद्र सरकार ने माना, पराली प्रदूषण की बड़ी वजह : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर केंद्र सरकार ने माना कि पड़ोसी राज्यों में जलने वाली पराली दिल्ली में प्रदूषण की बड़ी वजह है। आप के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने प्रैसवार्ता में कहा कि केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने खुद सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर कर इस बात को माना है कि पिछले वर्षों के मुकाबले इस साल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर घटा है, ऐसे दिन जिनमे हवा साफ रहती उनकी गिनती बढ़ी है, और जिन दिनों में प्रदूषण का स्तर चरम पर होता है ऐसे दिनों की ताढ़ात घटी है। इस बात को भाजपा के नेता झुठला रहे थे।

### कोर्ट की फटकार के बाद जागी केजरीवाल सरकारः तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में केजरीवाल सरकार को फटकार सुनने की आदत हैं और अब फटकार के बाद ही केजरीवाल सरकार जागी है। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने पराली मामले पर कोर्ट की फटकार के बाद दिल्ली सरकार पर उक्त आरोप लगाते हुए कि कहा कि इससे पहले कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही केजरीवाल ने मेट्रो के निर्माण में दिया जाने वाला अपना हिस्सा जारी किया था। तिवारी ने कहा कि दिल्ली में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण पर काबू पाने में केजरीवाल सरकार नाकाम रही है और सर्वोच्च कोर्ट ने जो टिप्पणी की है, उस पर अमल नहीं किये जाने पर दिल्ली की केजरीवाल सरकार को शर्म आनी चाहिए।

## नेता विपक्ष गुप्ता की एलजी से मुलाकात, आप ने बताया ड्रामा

# महंगी प्याज पर सियासत तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में 100 रुपए किलो बिक रही प्याज पर सियायत तेज हो गई है। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को पैदल मार्च कर प्याज की आसमान छूती कीमतों के विरोध में उपराज्यपाल अनिल बैजल को ज्ञापन सौंपा वही आम आदमी पार्टी ने इसे सियासी ड्रामा करार दिया है। विजेंद्र कहा कि दिल्ली में केजरीवाल सरकार की प्याज माफिया से सांठगांठ के चलते जनता आज 100 रुपए प्रति किलोग्राम प्याज खरीदने को मजबूर है। रोष प्रकट करने नेता विपक्ष, विजेन्द्र गुप्ता आम लोगों के साथ गुरुवार को उप राज्यपाल से मिलने राजनिवास पहुंचे। उन्होंने प्याज की कमी से हुई उत्पन्न हुई स्थिति में निपटने में केजरीवाल सरकार के रवैये के प्रति गहरा रोष प्रकट करते हुये ज्ञापन सौंपा। उन्होंने उप राज्यपाल से प्याज घोटाले में केजरीवाल सरकार और जमाखोरों एवं कालाबाजारियों की सांठगांठ की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। प्रैसवार्ता में आप के राज्यसभा सांसद और दिल्ली प्रदेश चुनाव प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार ने महंगाई के दौरान 20.9 रुपए प्रति किलो की दर से लोगों को प्याज मुहैया कराया, फिर अगर ऐसी किल्लत पैदा हो रही है, तो फिर से किफायती दामों पर लोगों तक प्याज पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि क्या बीजेपी शाषित हरियाणा में 23.90 रुपए प्रति किलो के हिसाब से जनता को प्याज दिया गया। उन्होंने विजेंद्र गुप्ता के सवालों और एलजी से उनकी मुलाकात को सियासी ड्रामा बताया। संजय सिंह ने कहा कि जो लोग आज प्याज की माला पहन कर घूम रहे हैं, याद रखें, अगर यही क्रम रहा तो जनता उन्हें सबक सिखाएगी।



### सीएम ने प्याज के लिए केंद्र को लिखा पत्र

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नई बसों को हरी झंडी दिखाने के बाद दिल्ली में महंगी प्याज के एक सवाल पर कहा कि दिल्ली में प्याज महैया कराने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा है और वहां से प्याज आते ही प्याज बेचने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### तिवारी ने सीएम को घेरा

प्याज की कीमतों में आये उछाल को लेकर दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने केजरीवाल सरकार पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्राइज स्टेबिलाइजेशन फंड का यूज करके भंडारण किया है जिसे वह केन्द्रीय भंडार, नैफेड और मदर डेयरी के बूथों के माध्यम से 23.90 पैसे प्रति किलों प्याज बेच रही है।

**मिली प्याज**



## कांग्रेस ने निकाला हल्ला बोल मार्च

**नई दिल्ली।** महंगी प्याज पर कांग्रेस ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ गुरूवार को हल्ला बोल प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से दिल्ली सचिवालय तक निकाले गए इस मार्च में कांग्रेसियों ने प्याज की मालाएं पहनी हुई थी और केजरीवाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। सचिवालय से पहले ही पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। जिससे नाराज कांग्रेस कार्याकर्त्ताओं की पुलिस के साथ तीखी नौंकझौंक हुई, और बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की। प्रदर्शन की अगुवाई प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने की। इस मौके पर चोपड़ा के साथ पूर्व सांसद परवेज हाशमी, महाबल मिश्रा, रमेश कुमार, कृष्णा तीरथ, मुख्य प्रवक्ता मुकेश शर्मा, दिल्ली महिला कांग्रेस अध्यक्ष शर्मिष्ठा मुखर्जी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास छिकारा सहित भारी संख्या में कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# तीस हजारी हिंसाः कॉर्डिनेशन कमेटी और पुलिस के बीच हुई बैठक रही बेनतीजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

तीस हजारी कोर्ट में वकीलों और पुलिस के बीच हुई झड़प के मामले में अभी तक कोई हल नहीं निकल सका है। गुरुवार को भी दिल्ली की सभी जिला अदालतों में वकील हड़ताल पर रहे और कोई कामकाज नहीं हो सका। वहीं पुलिसवालों ने भी अपनी सुरक्षा का खतरा मानकर कोर्ट परिसर से दूरी बनाए रखी. इस गतिरोध को खत्म करने के लिए वकील और पुलिस के बीच सुलह की कोशिश हुई। दिल्ली के सिविल लाइन स्थित गवर्नमेंट ऑफिसर्स मेस में कॉर्डिनेशन मीटिंग रखी गई थी, जिसमे नॉर्दन रेंज के जॉइंट सीपी राजेश खुराना और द्वाराक बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट वाई पी सिंह और वीपी राजेश कौशिक मौजूद रहे। वहीं तीस हजारी बार के मेंबर और कई सीनियर वकीलों ने भी इस बैठक में शिरकत की। लेकिन 20 मिनट बाद ही अचानक सब वकील बाहर आ गए। कॉर्डिनेशन मीटिंग में आने वाले जितने वकीलों से बात की गई उन सभी ने अलग-अलग बातें रखी। बार एसोसिएशन के लोगों ने बताया कि मीटिंग अब शुक्रवार को होगी। वहीं दिल्ली पुलिस के जॉइंट सीपी ने बताया कि हमारी मीटिंग तीस हजारी में हुए मामले को लेकर थी, जिसमे तीस हजारी बार एसोसिएशन के लोगों को आना था। कुछ कम्युनिकेशन गेप रहा है। हम उनका इतंजार कर रहे हैं।

## स्पेशल सीपी व एडिशनल डीसीपी का तबादला

नई दिल्ली। तीस हजारी कोर्ट बवाल की आंच गुरुवार को आखिरकार दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी और एडिशनल डीसीपी पर गिर ही गई। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर स्पेशल सीपी लॉ एंड ऑर्डर (नॉर्थ) संजय सिंह और उत्तरी जिला के एडिशनल डीसीपी हरेंद्र कुमार का तबादला किया गया है। स्पेशल सीपी संजय सिंह का तबादला लाइसेंसिंग एंड ट्रांसपोर्ट विभाग में किया गया है। वहीं हरेंद्र कुमार को डीसीपी रेलवे बनाया गया है। उनकी जगह रेलवे के डीसीपी दिनेश कुमार गुप्ता को तैनाती मिली है। गौरतलब है कि इस केस के बाद हाईकोर्ट ने दोनों अफसरों के तबादले का आदेश दिया था। पुलिसकर्मियों के मुख्यालय पर प्रदर्शन के बाद दिल्ली पुलिस की तरफ से हाईकोर्ट में पुनर्विचार याचिका लगाई गई थी। लेकिन कोर्ट ने अपने आदेश में संशोधन करने से इनकार कर दिया था। तीस हजारी कोर्ट में पुलिस और वकीलों के बीच हुए बवाल के दौरान उत्तरी जिले की डीसीपी मोनिका भारद्वाज के साथ भी वकीलों ने बदसलूकी की थी। गुरुवार को इस घटना का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में दिख रहा है कि बवाल की सूचना के बाद मोनिका भारद्वाज कुछ पुलिस कर्मियों के साथ कोर्ट परिसर में पहुंची थी। जैसे ही वह अंदर भीड़ की ओर जाती हैं, वहां कुछ वकील उन्हें घेरकर हाथापाई शुरू कर देते हैं। डीसीपी के साथ सिविल ड्रेस में मौजूद दो शख्स उन्हें किसी तरह भीड़ से बाहर निकालकर लाते हैं।

**■ डीसीपी मोनिका भारद्वाज से वकीलों की बदसलूकी का वीडियो वायरल**

# सीएम ने किया कूड़ा उठाने वाली कंपनी पर 25 लाख रुपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने गुरुग्राम के नगर निगम आयुक्त अमित खत्री को डंपिंग प्वाइंट से कूड़ा उठाने में लापरवाही बरतने वाली कंपनी के खिलाफ 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ओल्ड जेल चौक स्थित डंपिंग ग्राउंड में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम प्रदेश की आइकन सिटी है, इसमें साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए एक व्यवस्था बनाई हुई है जिसके तहत कंपनी को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, डंपिंग प्वाइंट से प्रतिदिन कूड़ा उठाना व कूडे.का उचित निपटान सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को लेकर उन्हें पिछले कई दिनों से लगातार शिकायतें मिल रही थी जिसके चलते आज उन्होंने गुरुग्राम जिला में अपना दौरा कार्यक्रम रखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले काफी समय से शिकायत मिल रही थी कि ओल्ड जेल चौक स्थित डपिंग ग्राउंड से कूड़ा का उठान प्रतिदिन नहीं होता, जिससे यहां गंदगी अधिक फैलती है। कंपनी को प्रतिदिन कूड़ा उठाने के निर्देश दिए गए हैं, अगर कंपनी प्रतिदिन सफाई की उचित व्यवस्था नहीं करती या फिर डपिंग ग्राउंड से कूड़ा नहीं उठाती तो भविष्य में भी जुर्माना किया जाएगा।

उन्होंने निगम आयुक्त अमित खत्री को निर्देश दिए कि वे सफाई कार्यों व डपिंग ग्राउंड से कूड़ा उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## मुख्यमंत्री बोले-पिछले कई दिनों से मिल रही थीं शिकायतें

### दिन में एक बार जरूर कचरा उठाया जाएः सीएम

मुख्यमंत्री ने आयुक्त से कहा कि कचरा उठाने के लिए अलग से कमेटी बनाएं। यह कमेटी डंपिंग प्वाइंट का निरीक्षण करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि जिला के डंपिंग प्वाइंटस से दिन में कम से कम एक बार कूड़ा अवश्य उठाया जाए। उन्होंने कहा कि यह कमेटी कंपनी द्वारा डंपिंग ग्राउंड से कूड़ा उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी।





### सीएम ने किया अंत्योदय व सरल केन्द्र का निरीक्षण

गुरुग्राम। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जिला के अंत्योदय भवन व सरल केन्द्र का निरीक्षण किया और वहां जनसाधारण को दी रही नागरिक सुविधाओं व सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने इन केन्द्रों पर पहुंचे लाभार्थियों से बातचीत की और उनसे फीडबैक भी लिया।

## पराली जलाना सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवमाननाः उपायुक्त

फरीदाबाद। खेतों में फसल अवशेषों तथा पराली जलाना और खुले में आग लगाना सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवमानना मानी जाएगी। ऐसा करने वाले के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस बारे में निर्देश उपायुक्त अतुल कुमार ने जिला के कई विभागों व पुलिस के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों के छोटे से लेकर बड़े अधिकारी तक पराली तथा कचरा जलाने और पर्यावरण में प्रदूषण फैलाने पर रोक लगाने के लिए अपनी जिम्मेदारी को मुस्तैदी से निभाएं।

## खबर संक्षेप




### 52 पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान

फरीदाबाद। हरियाणा पुलिस सप्ताह उत्सव के चौथे दिन फरीदाबाद पुलिस कर्मचारियों ने 52 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का आयोजन पुलिस लाइन सेक्टर-30 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस कर्मचारी रक्तदान करने के लिए सुबह 9 बजे 2 बजे तक पहुंचे।

### एनसीसी कैडेट्स द्वारा गोताखोरी का अभ्यास



फरीदाबाद। फरीदाबाद के 50 कैडेट्स ने गोताखोरी का अभ्यास किया। गोताखोरी का अभ्यास राजकीय खेल मैदान सेक्टर-12 फरीदाबाद के तरणताल में आयोजित किया गया। इसका अभ्यास नेवी रिटायर्ड कमांडर राजीव सरदाना, मिसेज अर्चना सरदाना एवं उनकी टीम के द्वारा करवाया गया।

### वकीलों ने सौंपा पीएम के नाम ज्ञापन



फरीदाबाद। तीस हजारी कोर्ट में वकील पर दिल्ली पुलिस की बर्बरता और गोलीकांड के विरोध में बृहस्पतिवार को वीर एकलव्य दल के प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र चंदेलिया, पद्मश्री डॉ. ब्रहमदत्त एडवोकेट सहित अनेक सामाजिक संगठनों के लोगों ने एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

### क्विज प्रतियोगिता में भारत व जर्मन के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



गाजियाबाद। डीपीएस इंदिरापुरम में इंडो-जर्मन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें जर्मन के छात्रों व डीपीएस इंदिरापुरम के छात्र ने बहुत उत्साह के साथ प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगिता में भारत व जर्मन के पर्यटन स्थलों और स्मारकों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत और जर्मनी में पर्यटन पर एक छोटी प्रस्तुति के साथ हुई।

### 20 पेटी अवैध शराब समेत तस्कर पकड़ा



नोएडा। पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 20 पेटी शराब बरामद की है। बृहस्पतिवार को थाना सेक्टर 20 के वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार की रात गश्त कर रही थाना पुलिस ने सेक्टर-5 के पास से एक सूचना के आधार पर एक कार को चेकिंग के लिए रोका। कार में 20 पेटी हरियाणा मार्का शराब मिली।

# इंस्पेक्टर लक्ष्मी चौहान ने किया गिरफ्तारी पर इनाम घोषित होते ही कोर्ट में सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

थाना लिंकरोड की पूर्व इंस्पेक्टर व 70 लाख के गबन की आरोपी लक्ष्मी सिंह चौहान व एक पुलिसकर्मियों ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तारी पर गाजियाबाद के एसएसपी द्वारा इनाम घोषित करते ही मेरठ की भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की स्पेशल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अदालत ने सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इन सभी पर 70 लाख रुपये के गबन के मामले आईपीसी की धारा 409 व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम दर्ज है। सभी आरोपी घटना के बाद से फरार थे। पुलिस अब इन सभी की कुर्की करने वाली थी। इसके चलते इन सभी के घरों पर कुर्की किए जाने से आदेश चस्पा किए गए थे और गाजियाबाद के एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने लक्ष्मी चौहान समेत सभी की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

इस मामले की विवेचना सीओ सेकेंड अतीश कुमार कर रहे है। नौ अक्टूबर को अदालत से इन सभी आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कराए गए तथा गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी।

इन सभी आरोपियों को भगोड़ा घोषित किया गया है। इनमें शामिल इंस्पेक्टर लक्ष्मी चौहान, नवीन कुमार, बच्चू सिंह, फराज खान, धीरज भारद्वाज, सौरभ शर्मा, और सचिन कुमार के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी के तहत कुर्की के लिए मुनादी कराई गई और सभी नामजद अभियुक्तों के मकानों पर कुर्की किए जाने के आदेश चस्पा किए गए थे।

*सीओ अतीश कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को इंस्पेक्टर लक्ष्मी चौहान व एक सिपाही ने मेरठ में अदालत में सरेंडर कर दिया है। शेष पांच की गिरफ्तारी के लिए दबिशें दी जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नामजद फरार आरोपियों को शरण देने वाले लोगों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।*

## आरोपी पुलिसकर्मियों पर है 70 लाख रुपये के गबन का आरोप



### आरोपियों से बरामद रकम को चौहान की टीम ने कम दिखाया था

आपको बता दें कि इंस्पेक्टर लक्ष्मी सिंह चौहान ने लिंक रोड थाने की इंचार्ज रहते हुए कैश डालने वाली कंपनी सीएमएस से करोड़ों की रकम चोरी किए जाने का खुलासा किया था। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी रकम बरामद की गई थी। कागजों में करीब 70 लाख रुपये कम दिखाए गए थे। आरोप है कि लक्ष्मी सिंह चौहान और छह पुलिसकर्मियों ने यह रकम गायब कर दी थी। एसपी सिटी की जांच के बाद सातों पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज किया गया था। इसके बाद सातों को सस्पेंड कर दिया गया था। लक्ष्मी सिंह चौहान पुलिस की पकड़ में नहीं आईं और मेरठ कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी लगा दी थी। इसके बाद हाईकोर्ट से भी अर्जी खारिज हो गई थी। गाजियाबाद के एसएसपी ने लक्ष्मी चौहान समेत सभी आरोपियों की गिरफ्तारी पर हाल ही में वारंट जारी किए थे जिसके बाद आज लक्ष्मी चौहान व एक अन्य आरोपी ने मेरठ में सरेंडर कर दिया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

## हत्या का आरोपी कुलदीप पुलिस हिरासत से फरार, चार कांस्टेबल निलंबित

फरीदाबाद। ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-81 निवासी विक्रम हत्याकांड का आरोपी कुलदीप पुत्र उदयवीर पुलिस अभिरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। कुलदीप को मिर्ग्री का दौरा पड़ने के कारण विगत 23 अक्टूबर को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी निगरानी के लिए चार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। फरीदाबाद पुलिस आयुक्त केके राव ने लापरवाही बरतने के आरोप में चारों कांस्टेबल बाबूलाल, बलवान, अमीन और रमेश को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही मामले की विभागीय जांच एसीपी क्राइम अनिल कुमार को सौंप दी गई है। हापुड़ के नवादा कलां गांव निवासी कुलदीप को विक्रम हत्याकांड के आरोप में भूपानी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। टैक्सी ड्राइवर विक्रम की हत्या पैसों के विवाद में की गई थी। गिरफ्तारी के बाद से ही कुलदीप नीमका जेल में बंद था। जेल प्रशासन के अनुसार, विगत काफी समय से वह बीमार चल रहा था। उसे मिर्ग्री का दौरा भी पड़ता था। नीमका स्थित जिला जेल के अस्पताल में उसका उपचार न होने के कारण उसे 23 अक्टूबर को बीके सिविल अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया था। यहां से उसे दिल्ली सफदरजंग रेफर कर दिया गया था। नीमका जेल प्रशासन ने बताया कि 23 अक्टूबर को उसे दौरा पड़ा था। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए तुरंत सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां पुलिस अभिरक्षा में उसका उपचार चल रहा था। रात के समय वह मौका देखते ही पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया।

## बुजुर्ग ने कमेटी संचालक के गेट पर फांसी लगाई

■ पैसे न मिलने पर परेशान था बुजुर्ग

फरीदाबाद। जवाहर कॉलोनी में 60 वर्षीय बुजुर्ग ने मित्र कमेटी संचालन करने वाले व्यक्ति के घर के दरवाजे पर फंदा डालकर फांसी लगा ली। बुजुर्ग के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है कि मित्र कमेटी का संचालन करने वाला व्यक्ति पर उसके 10 लाख से अधिक रुपये हैं, मगर वह उन्हें लौटाने से इनकार कर रहा है। पुलिस ने कमेटी संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शव पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

जवाहर कॉलोनी निवासी कालीचरण ने पुलिस को बताया है कि उसका छोटा भाई सुरेंद्र बिजली दफ्तर के बाहर कचौड़ी-पकौड़े की रेहड़ी लगाता है। उसके 60 वर्षीय पिता उदय सिंह उसकी मदद करते थे। इसी क्षेत्र में रहने वाला सुनील ब्रेड का थोक का काम करता है। इसके अलावा वह लोगों की मित्र कमेटी भी चलाता है। जिसमें सदस्यों को हर महीने किस्त के बाद जरूरत पड़ने पर एक मुश्त रकम दी जाती है। कालीचरण के अनुसार पिता उदय सिंह ने करीब पांच साल से सुनील के पास कमेटी डाली हुई थी। कमेटी उठने पर रुपये सुनील रख लेता था और आश्वासन देता कि ब्याज सहित सारी रकम लौटा देगा। सुनील ने हाल ही में मकान बनाया है, उसके लिए भी उदय सिंह से रुपये उधार लिए थे। अब सुनील की तरफ उदय सिंह के 10 लाख से अधिक रुपये थे।

## डिवाइडर तोड़ कर दूसरी तरफ पहुंची डबल डेकर बस, मची अफरातफरी




एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

जयपुर से दिल्ली आ रही डबल डेकर बस पलट गई है। इस हादसे के बाद वहां अफरातफरी मच गई है। मिली जानकारी के मुताबिक बस राजस्थान की राजधानी जयपुर से दिल्ली आ रही थी। इसी बीच बस जब गुरुग्राम के मानेसर में पहुंची तब वह सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। बस की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि बस डिवाइडर तोड़ कर दूसरी तरफ जा कर पलट गई। इसके बाद वहां चीख पुकार के साथ अफरातफरी मच गई। बस पलटने के कारण करीब 10 लोगों को चोट लगी है।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक अभी तक किसी के इस हादसे में मरने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों ने बस पलटने की सूचना पुलिस को दी और उसके बाद घायल लोगों की मदद करने में जुट गए।

## दीक्षांत समारोह



नोएडा। केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल एमिटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में छात्रों को डिग्री प्रदान करते हुए।

## राष्ट्रीय गुर्जर महासम्मेलन में दस बुराईयों के खिलाफ प्रस्ताव पास



गुरुग्राम। समाज में फैली कुरीतियों दूर करने के लिए सेक्टर 61 क्षेत्र में राष्ट्रीय गुर्जर महासम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जम्मू-कश्मीर, हिमाचन प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश से गुर्जर समाज के संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। संस्था के प्रवक्ता ने बताया कि प्रतिनिधियों ने समाज में फैली बुराईयों को समाप्त करने के लिए एकजुटता दिखाते हुए दस बुराईयों को लेकर प्रस्ताव पास कर सभी ने अपने-अपने प्रदेश में प्रमुखता से लागू कराने का आश्वासन दिया। गुर्जर नेता अनंतराम तंवर ने कहा कि विवाह समारोह में डीजे पर प्रतिबंध, दहेज की सामान की लिस्ट ना पढ़ने, टैंट में गाड़ी नहीं खड़ी करने, आतिशबाजी पर पूर्णतया प्रतिबंध, शराब का प्रचलन बंद करने व समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। आज सभी समाज जागरुक हो रहे है ऐसे में गुर्जर समाज को भी जागरुक होने की जरुरत है। फिजूलखर्ची व दिखावे से बचना चाहिए। समाज ने जो भी निर्णय किए है वह सब सर्वसम्मति से लिए गए है।

## सीवर लाइन के लिए खुदाई से लोग हलकान

गुरुग्राम। नगर निगम क्षेत्र में नई सड़कें, नई सीवर लाईन आदि डालने का कार्य कई क्षेत्रों में चल रहा है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि ठेकेदार सड़कों व सीवर की लाइनों के लिए खुदाई करके तो डाल देते हैं, लेकिन कार्य बड़ी धीमी गति से चलता है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि एक दूसरी कॉलोनी को लिंक करने वाले रास्तों को भी बंद कर दिया जाता है, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी क्रम में राजेंद्रा पार्क-बजघेड़ा मार्ग पर सीवर लाईन डालने का कार्य शुरु किया हुआ है, गहरी खुदाई की जा चुकी है।



## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने की बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई

# बकाया भुगतान न करने पर भूखंड आवंटन निरस्त

एजेंसी ▶▶| नोएडा

■ आम्रपाली बिल्डर मामले में 37 सौ करोड़ रुपये का झटका लगने के बाद प्राधिकरण बड़े बकायेदारों के खिलाफ सख्त रुख दिखा रहा है

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एक और बिल्डर का भूखंड आवंटन निरस्त कर दिया है। करीब तीस करोड़ रुपये का बकाया भुगतान न करने पर बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बिल्डर को स्पोर्ट्स सिटी में कंसोर्टियम (कंपनियों के समूह) सदस्य के तौर पर यह भूखंड आवंटित किया गया था। इससे पहले प्राधिकरण ने औरा बिल्डवेल का भूखंड आवंटन निरस्त किया था।

प्राधिकरण ने सेकॉम इंफ्राकॉम प्राइवेट लिमिटेड को 2010-11 में स्पोर्ट्स सिटी के कंसोर्टियम सदस्य के रूप में बीस हजार वर्गमीटर का भूखंड संख्या जीएच सात आवंटित किया था। इस भूखंड की लीजडीड 2014 में निष्पादित कर कब्जा पत्र जारी किया गया था। बिल्डर को तीन साल में भूखंड के पंद्रह फीसद हिस्से पर निर्माण करना था। लेकिन बिल्डर ने निर्माण कार्य शुरू ही नहीं किया। इसके साथ ही प्राधिकरण को प्रीमियम का भुगतान भी नहीं किया। बिल्डर पर प्राधिकरण का 29.17 करोड़ रुपये प्रीमियम, अतिरिक्त प्रतिकर का 43.29 लाख रुपये, लीज रेंट का 52.93 लाख रुपये बकाया हो गया। प्राधिकरण ने बकाया धनराशि भुगतान करने के लिए बिल्डर को पांच बार नोटिस दिए। इसके बावजूद बिल्डर ने रकम का भुगतान नहीं किया। बिल्डर के खिलाफ कड़ा कदम उठाते हुए प्राधिकरण ने उसका भूखंड आवंटन निरस्त कर दिया है। इससे पहले प्राधिकरण ने औरा बिल्डवेल का भूखंड आवंटन निरस्त किया था।

आम्रपाली बिल्डर मामले में 37 सौ करोड़ रुपये का झटका लगने के बाद प्राधिकरण बड़े बकायेदारों के खिलाफ सख्त रुख दिखा रहा है। बिल्डर व कामर्शियल श्रेणी के बकायेदार आवंटियों से वसूली तेज की गई है। जिन आवंटियों ने लंबे वक्त से बकाया भुगतान नहीं किया है, उनका भूखंड आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई चल रही है। जल्द की कई और बड़े बकायेदारों के भूखंड आवंटन निरस्त हो सकते हैं।

## आवास विकास परिषद ने निगम की 65 एकड़ भूमि पर किया कब्जा, आयुक्त ने मांगा भुगतान

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने नगर निगम की सिद्धार्थ विहार स्थित 65 एकड़ भूमि को अपने कब्जे में ले लिया और उसे सिद्धार्थ विहार योजना में सम्मिलित कर लिया। संज्ञान में आने पर अब नगर आयुक्त ने आवास विकास परिषद के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर 65 एकड़ भूमि का भुगतान मांगा है। इतना ही नहीं नगर आयुक्त ने प्रदेश के नगर विकास जिला प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना को भी आगमन पर पूरे प्रकरण से अवगत कराया। इस पर खन्ना में आश्वासन दिया कि आवास विकास परिषद से 65 एकड़ भूमि का भुगतान नगर निगम को कराया जाएगा। नगर आयुक्त ने बृहस्पतिवार को बताया कि आवास विकास परिषद के अधीक्षण अभियंता को लिखे पत्र में कहा है कि नगर निगम बोर्ड बैठक में पार्षदों ने मुद्दा उठाया था कि आवास विकास परिषद में मिर्जापुर अकबरपुर बहरामपुर कैला में नगर निगम के स्वामित्व वाली 65 एकड़ भूमि अपने में कब्जा कर लिया है और अपनी सिद्धार्थ विहार योजना में सम्मिलित कर लिया। जिसकी उन्होंने नगर संपत्ति विभाग से जांच कराई और मामला सही पाया गया गया। नगर आयुक्त ने बृहस्पतिवार को बताया कि उन्होंने इस संबंध में वसुंधरा आवास विकास परिषद के वसुंधरा मुख्यालय के लिए पत्र लिखा है जिसमें 65 एकड़ भूमि का भुगतान मांगा गया है उन्होंने बताया कि पूरे प्रकरण से जिला प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना को भी अवगत कराया गया था।

## न्यूज डायरी

### डॉ. पुनीता तीसरी बार आईएमए की प्रधान बनीं

फरीदाबाद। बृहस्पतिवार को हुए आईएमए फरीदाबाद के चुनावों में डॉ. पुनीता हसीजा को तीसरी बार लगातार फरीदाबाद का प्रधान घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी डॉ. सुरेश अरोड़ा ने बताया कि डॉ. पुनीता हसीजा निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। इसके अलावा डॉ. अजय कपूर, डॉक्टर प्रदीप गर्ग, राशि टुटेजा वाइस प्रेसिडेंट के तौर पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। डॉक्टर पुनीता हसीजा हरियाणा आईएमए में भी वाइस प्रेसिडेंट के तौर पर निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। वहीं डॉ. सुरेश अरोड़ा हरियाणा प्रदेश से नेशनल के लिए सेंट्रल रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

### छात्रों को दंत सुरक्षा संबंधी जानकारी दी

फरीदाबाद। राष्ट्रीय दंत चिकित्सा दिवस पर सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज द्वारा ग्रेटर फरीदाबाद स्थित टेंडर हार्ट्स स्कूल में राष्ट्रीय दांत ब्रशिंग दिवस मनाया गया। दंत स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में दंत विशेषज्ञों ने छात्रों को दांतों की विशेष देखभाल की जानकारी दी। डॉ. सीएम मैरी, डॉ. रुचि नागपाल, डॉ. प्रतिभा तनेजा के साथ-साथ पोस्ट ग्रेजुएट और बीडीएस अंतिम वर्ष के छात्रों की देखरेख में डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री, एसआरसीडीएसआर से 20 डॉक्टरों की एक टीम ने सुपरवाइज्ड टूथ ब्रशिंग और फ्लोराइड माउथ रिन्स के साथ किया। बच्चों को दांतों की देखभाल की विशेष जरूरत है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के स्टाफ के लिए चिकित्सकीय स्वास्थ्य जानकारी दी गई।

### एसडीओ के खाते से निकाले साढ़े 12 लाख रुपये

फरीदाबाद। ट्रांजेक्शन के बाद भी एटीएम से नकदी नहीं निकलने पर बीएसएनएल के एक एसडीओ को टोल फ्री नंबर पर शिकायत करना महंगा पड़ गया। टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराने के कुछ ही देर बाद साइबर ठग ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर एसडीओ से उनके खाते की जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद खाते से साढ़े बारह लाख रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। पीड़ित ने अनखीर पुलिस चौकी में शिकायत दी है। पुलिस ने अब मामला दर्ज किया है।

### बंगाल मूल की नाबालिग लड़की बरामद

गुरुग्राम। साइबर सिटी में अन्य स्थानों से परिजनों को लालच लेकर नाबालिग बच्चियों को यहां लाने का सिलसिला जारी है। उनके परिजनों को भरोसा दिलाया जाता है कि उनकी बच्चियों को जहां सुरक्षित रखेंगे, वहीं उन्हें रोजगार भी उपलब्ध करा देंगे, लेकिन ऐसा होता नहीं है। इस अवैध कारोबार में जुटे ये असामाजिक तत्व इन नाबालिग बच्चियों को बहला-फुसलाकर यहां ले आते हैं। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। अपराधों पर शिकंजा कसने के लिए कार्य कर रही क्राइम फ्री इंडिया फोर्स के राष्ट्रीय प्रभारी सत्यप्रकाश शर्मा ने बताया कि पश्चिम बंगाल से बहला-फुसलाकर लाई गई 14 वर्षीया नाबालिग को सेक्टर 56 थाना पुलिस के सहयोग से बरामद कर लिया गया है। उनका कहना है कि इस मामले में पश्चिम बंगाल मूल के ही एक युवक असलम को भी काबू किया गया है।

### भाजपा सरकारों के खिलाफ कांग्रेसियों ने पर्चे बांटे

गाजियाबाद। भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ महानगर कांग्रेस कमेटी से जुड़े कांग्रेसियों ने बृहस्पतिवार सुबह पुराना गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर पर्चे वितरित किए। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकारों के खिलाफ नारे बाजी भी की। इस अवसर पर कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि चाहे केंद्र की सरकार हो चाहे प्रदेश की सभी मोर्चे पर पूरी तरह विफल है।



प्रधानमंत्री सिर्फ देशऔर विदेश घूम रहे हैं। देश के आंतरिक क्षेत्र में क्या हो रहा है उन से इनको कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि आज देश में आर्थिक संकट है लोगों को रोजगार मिल नहीं रहे हैं। देश का मोटा पैसा भगोड़े लेकर भाग गए हैं। अब इन दोनों सरकारों को सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विजेंद्र विजेंद्र यादव ने कहा कि अब कांग्रेस सड़क पर उतर कर विरोध करेगी आंदोलन करेगी।

## खबर संक्षेप

### सूरजकुंड मेला एक से 16 फरवरी तक

**चंडीगढ़।** फरीदाबाद जिले के सूरजकुंड में आगामी एक से 16 फरवरी 2020 तक 34वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला-2020 का आयोजन किया जाएगा। इस मेला में स्टॉल लगाने के इच्छुक शिल्पियों से 15 जनवरी 2020 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। हरियाणा पर्यटन विभाग के एक प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार के कपड़ा मंत्रालय या शिल्प को बढ़ावा देने वाले एनजीओ से पंजीकृत शिल्पकार, जो 'सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला-2020' में अपनी स्टॉल लगाना चाहते हैं, अपने आवेदन हरियाणा पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक को 15 जनवरी, 2020 तक भेज सकते हैं। इसके बाद इन आवेदनों की छंटनी स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा की जाएगी।

### सुरेश कुमार हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के सचिव नियुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक (प्रशासन) सुरेश कुमार एचसीएस को उनके वर्तमान कार्यभार के अतिरिक्त विमुक्त घुमंतु जाति विकास बोर्ड तथा हरियाणा केश कला और कौशल विकास बोर्ड, हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग का सदस्य सचिव और हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग का सचिव नियुक्त किया गया है।

### गठबंधन को हजम नहीं कर पर रहा विपक्षः निशान

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह ने कहा कि कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल बौखलाहट में भाजपा-जेजेपी के समान विचारधारा व प्रदेश हित को ध्यान में रखकर किए गए गठबंधन को हजम नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार ने किसानों की खेती की जमीनों को हड़पा, नौकरियों व विकास में क्षेत्रवाद फैलाया और बड़े घोटाले कर जनता को लूटा।

*हरियाणाः बूंदाबांदी के बाद दिनभर चली तेज हवा, छाये रहे बादल*

# मौसम ने ली करवट, गुलाबी ठंडक के साथ बढ़ी किसानों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मौसम के करवट लेने के साथ हुई बूंदाबांदी से गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। साथ में किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। हजारों क्विंटल धान व कपास बाहर पड़ी हुई है तो खेतों में धान तथा कपास का कार्य भी अंतिम दौर में है। बूंदाबांदी से अधिकत्तम तापमान में नौ तथा न्यूनतम तापमान में एक डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है।

हवा की तेज गति दिनभर ठंड का अहसास करवाती रही। आकाश में बादलों का आवागमन भी जारी रहा। जिसके चलते बूंदाबांदी के आसार बने रहे। मौसम विभाग के अनुसार वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते आकाश में बादल छाये रहेंगे और बूंदाबांदी के आसार भी बने रहेंगे और तापमान में गिरावट जारी रहेगी। वीरवार को अधिकत्तम तापमान 22 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया। आकाश में बादल छाये रहे, हवा की गति 14 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। जबकि मौसम में आद्रता 79 प्रतिशत बनी रही। वीरवार को दिन का आगाज बूंदाबांदी व ठंडी हवा के साथ हुआ। सूर्य तथा बादलों के बीच अटखेलियां चलती रही। दिन चढ़ने के साथ हवा की गति तेज होती चली गई। बुधवार को अधिकत्तम तापमान 31 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 18 डिग्री था। वीरवार को अधिकत्तम नौ डिग्री व न्यूनतम तापमान एक डिग्री तक लुढ़क गया।



जींद। बूंदाबांदी व हवा के बाद खेतों में पसरी धान की फसल।

#### फसल को नुकसान

हालांकि धान कटाई तथा कढ़ाई का सीजन अंतिम दौर में है। मंडियों तथा खेतों में धान व कपास की फसल पड़ी हुई है। कुछ स्थानों पर धान कटाई तथा झड़ाई का कार्य जोरों पर है। मौसम के बदले मिजाज के साथ हुई बूंदाबांदी ने किसानों की परेशानी को बढ़ा दिया है। किसानों का कहना है कि अगर एक सप्ताह तक बारिश न हो तो वे अपनी फसलों को समेट लेंगे। अब बूंदाबांदी से धान कटाई, झड़ाई, कपास चुगाई का कार्य प्रभावित हो गया है। अगर मौसम का मिजाज खराब रहता है तो रबी की बिजाई भी देरी से होगी।

#### बिजाई का अच्छा समय

पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. यशपाल मलिक ने बताया कि बूंदाबांदी के बाद ठंड ने दस्तक दे दी है।

रबी फसल बिजाई के लिए अच्छा समय है। इससे आगे तापमान में और गिरावट होगी। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे जल्द से जल्द अपनी फसलों को समेट लें। वहीं दूसरी ओर कृषि विभाग द्वारा सवा लाख हेक्टेयर गेहूं बिजाई का लक्ष्य रखा गया है।

## नारनौल मंडी में खुले में रखे बाजरे के 41500 बैग भीगे

नांगल चौधरी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से खरीद किए गए बाजरे का अभी तक उठान नहीं हुआ है। खरीदे गए बैग खुले आसमान के नीचे रखे हुए हैं। बृहस्पतिवार को हुई बरसात में भीग गए, जिससे सरकारी खरीद एजेंसी को नुकसान होने की संभावना बढ़ गई है। प्रदेश की चुनिंदा मंडियों में 1 अक्तूबर से बाजरे की सरकारी खरीद शुरू की गई है। खरीद खाद्य आपूर्ति विभाग ने शुरू की थी। जिन्होंने 15 दिनों तक विभिन्न गांवों के किसानों से बाजरे के 1 लाख 40 हजार बैग खरीद किए थे। जिनमें से 41500 बाजरे के बैग का उठान अभी तक नहीं हो पाया है। वहीं खाद्य आपूर्ति विभाग ने बाजरे की खरीद का लगभग 4 करोड़ रुपये किसानों को भुगतान भी कर दिया है। जिसमें विभाग का खरीद से संबंधित सभी प्रकार का खर्च हो चुका है। वहीं खाद्य आपूर्ति विभाग के बाद एक दिन हैफेड व एक दिन वेयर हाउसिंग ने बाजरे की खरीद शुरू की थी। हैफेड ने करीब 65 हजार बाजरे के बैग खरीद कर लिए है। जिसमें 15 हजार बैग का उठान होना बाकी है। परंतु मौसम को देखते हुए हैफेड ने 15 हजार बैगों को तिरपाल से ढककर बरसात से भीगने से बचा लिया है। खाद्य आपूर्ति विभाग के निरीक्षक नसीब सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि करीब एक लाख चालीस हजार बाजरे के बैगों की खरीद की गई थी।



नांगल चौधरी। बरसात से भीगते बाजरे के कट्टों को ढकते हुए।

## कांग्रेस विधायक ने स्कूल शुल्क नियमन विधेयक पर अपनी ही पार्टी की सरकार से सवाल पूछा

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस के एक विधायक ने निजी स्कूलों द्वारा फीस बढ़ाए जाने के मुद्दे को देखने के लिए जिला स्तरीय नियामक निकाय के गठन को लेकर अपनी ही पार्टी की सरकार से गुरुवार को सवाल पूछा। साथ ही उन्होंने इस पैनल में विद्यार्थियों के माता-पिता को भी शामिल करने की मांग की। उन्होंने यह मुद्दा तब उठाया जब शिक्षा मंत्री विजय इंदर सिंगला ने पंजाब गैर सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थान शुल्क नियमन (संशोधन) विधेयक 2019 आज यहां पंजाब विधानसभा में पेश किया। यह विधेयक विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन पारित भी हो गया। विधेयक के प्रावधानों के बारे में सूचित करते हुए सिंगला ने कहा कि यदि कोई स्कूल फीस बढ़ाना चाहता है, जो आठ प्रतिशत से ज्यादा नहीं बढ़ाई जा सकती, तो उसे एक महीने पहले सार्वजनिक नोटिस देना होगा।


### पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** 35 साल, **कदः** 5'8'', **लिंगः** पुरुष, **रंगः** गेहुंआ, **आईडी मार्कः** अजय कुमार, पुत्र रूप लाल **पताः** आवारा, **पहनावाः** अस्पताल के कपड़े, **बरामदी स्थलः** जो 30.10.2019 को हनुमान मंदिर, जमुना बाजार, कश्मीरी गेट से एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया बाद में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

इस सम्बंध में **DD No. 11-A, दिनांक 30.10.2019 पुलिस स्टेशन, कश्मीरी गेट क्षेत्र, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत निम्नलिखित पते पर दें।

**थाना प्रमुख**
**पुलिस स्टेशन, कश्मीरी गेट, दिल्ली**
**DP/601/N/19** फोनः **011-23968730**

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr. PC देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया है कि अभियुक्त रोहित कुमार पुत्र संजय, निवासी मकान नं. के–5–158–160 ब्लॉक, मोहन गार्डन, उत्तम नगर, नई दिल्ली ने, प्रथम सूचना रिर्पोट 324 / 18 धारा 420 भा. द.स. थाना जनकपुरी, दिल्ली के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त रोहित कुमार मिल नही रहा है और मुझे समाधान पद रूप मे दर्शित कर दिया है कि उक्त रोहित कुमार फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त रोहित कुमार से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 18.12.2019 को या इससे पहले हाजिर हो।

**DP/8493/WD/19-**
**(Court Matter)**
**आदेशानुसार**
**श्री दीपक वत्स**
**मैट्रोपोलिटन मॅजिस्ट्रेट, कमरा नं. 9, ग्राउंड फ्लोर, द्वारका जिला कोर्ट, सेक्टर–10, द्वारका, दिल्ली**


### कॉरिडोर के रास्ते करूंगा श्री करतारपुर साहिब के दर्शनः सनी देयोल

गुरदासपुर। फिल्म अभिनेता और गुरदासपुर के सांसद सनी देयोल ने कहा कि करतारपुर कॉरिडोर का खुलना ऐतिहासिक फैसला है। वह खुद कॉरिडोर के रास्ते पाकिस्तान जाकर श्री करतारपुर साहिब के दर्शन करेंगे।सनी ने वीरवार को अपने लोकसभा क्षेत्र गुरदासपुर के पुराने सिविल अस्पताल और बटाला के सिविल अस्पताल को लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस दो एंबुलेंस सौंपी। सनी ने कहा कि वह करतारपुर कॉरिडोर के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेंगे। समारोह के लिए मंच एक बने या फिर दो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। श्रद्धा की भावना होनी चाहिए। आइएसआइ की साजिश क्या है इस बारे में उन्हें कुछ नहीं पता। इस बारे में सुरक्षा एजेंसियां ज्यादा बेहतर जानती होंगी।लोकसभा चुनाव जीतने के बाद सांसद सनी देयोल का गुरदासपुर का यह दूसरा दौरा है।

*पराली मामले पर आला अफसरों ने की बैठक*

## छोटे किसानों को राहत देगी हरियाणा सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सुप्रीम कोर्ट द्वारा पराली जलाने से बढ़े वायु प्रदूषण और हालात चुनौतीपूर्ण होने के बाद कईं राज्यों के मुख्य सचिवों को अदालत में बुलाकर इस दिशा में उठाए गए कदमों के बारे में ब्योरा मांगे जाने पर अफसरशाही हरकत में आ गई है। गुरुवार देर शाम मुख्य सचिव केशनी आनंद अरोड़ा की अध्यक्षता में कईं विभागों के प्रमुख अफसरों की बैठक हुई। इस बैठक में पराली जलाने से किसानों को पूरी तरह से रोकने के अलावा उन्हें दी जाने वाली राहतों, राज्य में पराली जलाने से रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की गई। जिसके बाद फैसला लिया गया कि राज्य के पांच एकड़ से कम वाले किसानों (गैर बासमती उगाने) वालों को सौ रुपये प्रति कुंतल मदद दी जाएगी, ताकि वे पराली को जलाएं नहीं। समीक्षा के साथ ही सीएस ने पांच एकड़ से कम एरिया में धान लगाने वाले गैर बासमती के किसानों को सौ रुपये प्रति कुंतल मदद करने और पराली नहीं जलाने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। बैठक में बताया गया कि इस कदम को उठाने से पराली जलाने के मामलों में और ज्यादा कमी आएगी इस राहत भरे कदम से राज्य में 90 हजार से ज्यादा किसानों को लाभ मिलेगा।



**रुकेगा प्रदूषण**

- पांच एकड़ से कम वाले किसानों को सौ रुपये प्रति कुंतल (गैर बासमती) पर मदद देने की तैयारी
- राज्य में 90 हजार से ज्यादा छोटे किसानों को होगा फायदा
- गुरुवार को प्रदेश में पराली जलाने की सिर्फ दो घटनाएं हुईं

#### पराली जलाने से रोकने पर चर्चा

बैठक में कृषि विभाग के एसीएस संजीव कौशल, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एसीएस धीरा खंडेलवाल के अलावा हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान राज्य में पराली के इस्तेमाल राज्य में तीन स्थानों पर चल रहे बायो प्लांट आने वाले समय में सात जिलों में विस्तार करने की दिशा में चल रहे प्रयासों के अलावा जिलेवार हुई घटनाओं और इन्हें रोकने के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तार से चर्चा की।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना खोलने का पहला शुद्धि पत्र**

विज्ञापित निविदा सं.: 128-W/280/इ निविदा सूचना/37-2019-20/W-3 दिनांकः 05.11.19 को जो एक निविदा यानी "सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के अंतर्गत एसएसई/कार्य/दिल्ली के खंड में शकूरबस्ती में धूल को नियंत्रित करने के लिए सीमेंट साइडिंग की सड़क की सतह की मरम्मत और पर्दे की दीवार प्रदान करना"। ₹1,81,21,772.31 तथा EMD of ₹2,40,600 को 15:00 बजे तक 29.11.2019 को खोला जाना है।
**सं.: 128-W/280/इ-निविदा सूचना/37-2019-20/W-3 दिनांकः 05.11.2019 3567/19**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना संख्या 46/2019**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक(इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे /इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु **आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से** "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।
**क्रम सं०-1,** कार्य का नामः दोहना हाल्ट स्टेशन को तीन लाइन क्रासिंग स्टेशन में परिवर्तित करने के लिये शेष सिविल कार्य (फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफार्म का विस्तार, यार्ड ड्रेन एवं रेल फेन्सिंग) और अन्य विविध कार्य का निर्माण। (स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत कानुपर–कासगंज–मथुरा जंक्शन–कासगंज–बरेली जंक्शन–लालकुआँ अनुभाग में गेज परिवर्तन का कार्य।) अनुमानित लागतः ₹ 4,62,97,604.76, बयाना राशिः ₹ 3,81,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹ 10,000/-, स्वीकृत पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 04 माह।
**क्रम सं०-2,** कार्य का नामः कानपुर–फर्रूखाबाद से कासगंज–टी.टी.आर (सीएस एवं सीएमएस) 54 सेट्स। अनुमानित लागतः ₹ 62,90,886.58, बयाना राशिः ₹ 1,25,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹ 5,000/-, स्वीकृत पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह।
**(1)** ई–निविदा दिनांक 29-11-2019 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
**(2)** ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट ***www.ireps.gov.in*** पर देखें।
**मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी०), इज्जतनगर**
मुजाधि/डब्लू–262
**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो० नं०: 09794845955 पर एसएमएस करें।**
**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

### शुद्धिपत्र / स्पष्टीकरण

राज्य परिवहन, हरियाणा, बीएस - IV ई–मिशन धारक मानदण्ड वाले 500 अदद मानक डीजल ईंजन चैसिस की खरीद हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित करता है, जिसकी अन्तिम तिथि 18.11.2019 को 15:00 बजे तक है।

बस चैसिस निर्माताओं के प्रतिनिधियों के साथ 13.09.2019 को आयोजित पूर्व बोली सभा के आधार पर निविदा दस्तावेजों में निम्नलिखित बिन्दुओं को कृपया ध्यान में रखें :-

| | |
|---|---|
| 1. प्रस्ताव की वैधता | प्रस्ताव निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन तक वैध होंगें। अनुमोदित दर 31 मार्च 2020 तक वैध होगी। आदेश की गई बस चैसिस की आपूर्ति हेतु लोड समय 30 दिन होगा। |
| 2. डिलिवरी कार्यक्रम | बीएस–VI ई–मिशन मानदण्ड 1 अप्रैल 2020 से लागू होने हैं अतः फर्म को 500 बस चैसिस की आपूर्ति 29 फरवरी 2020 तक करनी होगी। तथापि विभाग को निविदा के आधार पर अन्तिम रूप से अनुमोदित दरों को किसी भी समय बिना कोई कारण बताये आदेश को संशोधित / रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। भुगतान धारा संख्या 7 के अनुसार होगा। |
| 3. मुल्य में बदलाव | मूल कीमत 31 मार्च 2020 तक निर्धारित होगी। मुल्य बलदाव शर्त अथवा सशर्त प्रस्ताव रद्द कर दिये जायेगें। किसी भी आधार पर सरकारी लेवी अर्थात जीएसटी दर, क्षतिपूर्ति उपकरइत्यादि को छोड़कर आदेश की गई बस चैसिस पर किसी भी प्रकार मुल्य बढ़ोतरी की अनुमति नहीं होगी। विलम्बित डिलिवरी बढ़ी हुई सरकारी लेवी के पात्र नहीं होंगी। |
| 4. स्टियरिंग | जैडएफ अथवा रैन मेक का पॉवर स्टियरिंग। गियर चालित मैकेनिज्म सहित दायें हाथ ड्राईव। |

दिनांक : 06.11.2019
हस्ता/–
कृते निदेशक, राज्य परिवहन, हरियाणा
ई–मेल : jstchry@gmail.com
पीआरडीएच– 1119/11/1115/1920/79115 दि. 07.11.19


## नीतीश कुमार ने सुल्तानपुर लोधी गुरुद्वारे में श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**सुल्तानपुर लोधी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पंजाब के सुल्तानपुर लोधी स्थित गुरुद्वारा बेर साहिब में मत्था टेका। कुमार ने कीर्तन सुना और उन्हें शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह लोंगोवाल ने सिरोपा भेंट किया।

इससे पहले राज्य के कैबिनेट मंत्री सुखविंदर सिंह सरकारिया और स्थानीय विधायक नवतेज सिंह चीमा ने सुल्तानपुर लोधी में कुमार का स्वागत किया। सरकारिया और चीमा ने कुमार को 550वें प्रकाश पर्व पर पंजाब सरकार द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पवित्र शहर अमृतसर में प्रथम सिख गुरु की जयंती के



अवसर पर लगभग पचास लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है जिसके मद्देनजर आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

## महिलाएं अब स्वर्ण मंदिर में शबद कीर्तन कर सकेंगी

- पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पारित

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब विधानसभा ने गुरुवार को सर्वसम्मति ने एक प्रस्ताव पारित कर अकाल तख्त और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) से कहा कि अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के गर्भगृह में महिलाओं को भी शबद कीर्तन की इजाजत दी जाए। इस बारे में एक प्रस्ताव राज्य सरकार के मंत्री तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा द्वारा लाया गया, जिन्होंने कहा कि सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव ने जीवन भर जाति और लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया और महिलाओं के खिलाफ इन भेदभाव का भी अंत होना चाहिए। उन्होंने अकाली नेता के इस दावे को भी खारिज किया कि सिख 'रहत मर्यादा के अनुसार सिख महिला को दरबार साहिब में कीर्तन करने की इजाजत नहीं है। बाजवा ने कहा, सिख इतिहास में महिलाओं के प्रति किसी भेदभाव का कोई उल्लेख नहीं है।" फिलहाल स्वर्ण मंदिर में पुरुष कीर्तन कर सकते हैं। बाजवा को टोकते हुए अकाली विधायक परमिंदर सिंह ढींडसा ने कहा कि इस प्रस्ताव के माध्यम से यह जताने की कोशिश की जा रही है कि अकाल तख्त या एसजीपीसी महिलाओं को स्वर्ण मंदिर में शबद गायन से जानबूझकर मना कर रहा है।

### राज्यसभा सांसद राजकुमार कश्यप ने इस्तीफा दिया

**चंडीगढ़।** राज्यसभा सदस्य रामकुमार कश्यप ने बृहस्पतिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह 2014 में निर्वाचित होने के बाद इनेलो के इकलौते राज्यसभा सदस्य थे और इसी साल उन्होंने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर ली थी। अब न सिर्फ उन्होंने राज्यसभा की सदस्यता छोड़ने का फैसला किया है, बल्कि राज्यसभा के सभापति एवं उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू ने कश्यप का इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है। जहां तक सदस्यता से इस्तीफे की वजह की बात है, कश्यप करनाल जिले में पड़े इंद्री विधानसभा क्षेत्र मौजूदा चुनाव में विधायक चुने जा चुके हैं। रामकुमार कश्यप अंबाला जिले के उगाला गांव से संबंध रखते हैं और इन दिनों कुरुक्षेत्र में रहते हैं।

### डेरा बाबा नानक में पासपोर्ट कैंप 10 को

**जालंधर।** श्री करतारपुर साहिब जाने के इच्छुक श्रद्धालुओं को पासपोर्ट संबंधी सहूलियत प्रदान करने के लिए रीजनल पासपोर्ट दफ्तर की तरफ से दस नवंबर को डेरा बाबा नानक में पासपोर्ट कैंप लगाया जा रहा है। यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि श्री करतारपुर साहिब जाने के इच्छुक लोगों के रजिस्ट्रेशन के लिए पासपोर्ट की शर्त रखी गई है। पासपोर्ट न होने की वजह से रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहे थे और वो दर्शनों से वचिंत हो रहे थे।

### 25 साल सेवा कर चुके जेल कर्मचारियों का ब्योरा मांगा

**चंडीगढ़।** प्रदेश के डीजी जेल ने राज्य के सभी जेल अधीक्षकों को पत्र भेजकर जेलों में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों का ब्योरा मांगा है। जिनकी उम्र 55 साल पूरी हो चुकी है या फिर उनकी सेवाएं 25 साल पूर्ण हो चुकी हैं। प्रदेश के सभी जेल अधीक्षकों को एक विशेष फॉर्म में यह जानकारी उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है। डीजी जेल हरियाणा की ओर से जारी पत्र पूरे राज्य से सभी जेल अधीक्षकों को 25 साल की सर्विस पूरी करने अथवा 55 साल की उम्र वाले कर्मियों की डिटेल भेजने के लिए कहा गया है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि बाकी विभागों में भी इस तरह का ब्योरा मंगाया जाता है इसमें कोई नई बात नहीं है। पत्र सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था।

## रेवाड़ी के रेजांगला पार्क में बने युद्ध संग्रहालय में मिग-21 एयरक्राफ्ट स्थापित किया जाएगा



**सेना मुख्यालय तैयारः** उल्लेखनीय है कि रेवाड़ी के रेजांगला पार्क में बने युद्ध संग्रहालय में मिग-21 एयरक्राफ्ट स्थापित करने के लिए सेना मुख्यालय, नई दिल्ली मिग-21 एयरक्राफ्ट को भेजने के लिए तैयार है।

#### विमान प्लेटफार्म के लिए 46 लाख मंजूर

**चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार ने रेवाड़ी के रेजांगला पार्क में बने युद्ध संग्रहालय में मिग-21 एयरक्राफ्ट स्थापित करने की अनुमति दे दी है और एयरक्राफ्ट के प्लेटफार्म के निर्माण के लिए 4676185 रुपये की राशि भी जारी कर दी है।मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस बारे में एक प्रस्ताव को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है।


**D.D. VENTURES LIMITED**
CIN: L50102DL1984PLC017834
Regd. Office.: B-8, Mayapuri Industrial Area, Phase-I, New Delhi-110064
Ph No 011 46205400,
E-mail: a.bhaskar@ddmotors.net,
Website: www.ddventures.in

**NOTICE**

In Pursuance of Regulation 29(1)(a) of SEBI (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulations, 2015, and other SEBI Regulations, if any, the meeting of the Board of Directors of our Company, M/s D. D. Ventures Limited, is scheduled to be held on Wednesday, 13th Day of November, 2019 at 03:00 PM at A-100, Mayapuri Industrial Area, Phase-II, New Delhi-110064, to inter alia consider, discuss and approve the following:
1.Unaudited financial results of the Company for the quarter ended on 30th September, 2019.
2.Any other matter with the permission of the Chairman.
In accordance with the SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 and Code of Conduct to regulate, monitor and report trading by insider (herein after referred to as the "Code of Conduct"), the trading window of the Company has been closed for all the promoters, Directors, KMPs' and relatives of all specified persons from the date of notice to 15th November, 2019 (both days inclusive).
The intimation contained in this notice is also available on Company's website www.ddventures.in and Stock Exchange's website www.msei.in

By order of the Board
For D. D. Ventures Limited
Sd/-
(Sunil Datt Sharma)
Director
DIN: 07422151
Date:07.11.2019
Place: New Delhi

**SHINEWELL LEASING LIMITED**
Registered Office: Flat No. 216 B, Second Floor, Devika Tower, 6, Nehru Place, New Delhi - 110019
Website: www.shinewellleasing.com, Email Id: shinewell1984@gmail.com
Phone: 011 - 4367 5505 CIN: L65910DL1984PLC019329

**Extract of the Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter and Half Year Ended September 30, 2019 (Regulation 47(1) (b) of the SEBI (LODR) Regulations, 2015)**

(Amt. in lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30.09.2019 (Unaudited) | 30.06.2019 (Unaudited) | 30.09.2018 (Unaudited) | 30.09.2019 (Unaudited) | 30.09.2018 (Unaudited) | 31.03.2019 (Audited) |
| Total income from operations | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| Other Income | 0.25 | 0.25 | 0.25 | 0.50 | 0.50 | 3.69 |
| Net Profit/(loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (2.08) | (1.55) | (1.32) | (3.63) | (2.30) | (4.36) |
| Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (2.08) | (1.55) | (1.32) | (3.63) | (2.30) | (4.36) |
| Net Profit/(loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (2.08) | (1.55) | (1.32) | (3.63) | (2.30) | (3.35) |
| Share of Net Profit of Associates and Joint Ventures accounted for using the equity method | 0.00 | (0.19) | - | (0.20) | - | (0.01) |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (2.08) | (1.74) | (1.32) | (3.82) | (2.30) | (3.36) |
| Equity Share Capital | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | - | - | - | - | - | 1653.88 |
| Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) for continuing and discontinued operations)- | | | | | | |
| 1. Basic | (0.84) | (0.70) | (0.53) | (1.54) | (0.92) | (1.35) |
| 2. Diluted | (0.84) | (0.70) | (0.53) | (1.54) | (0.92) | (1.35) |

**Note:**
1. The information w.r.t. the Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter and Half Year Ended September 30, 2019 are as follows:

| Particulars | 30.09.2019 (Quarterly) | 30.09.2019 (Half yearly) |
|---|---|---|
| Turnover | 0.25 | 0.50 |
| Profit before tax | (2.08) | (3.63) |
| Profit after tax | (2.08) | (3.63) |

2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly and half yearly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results is available on the Websites of the Stock Exchange https://www.msei.in and on the website of the Company at www.shinewellleasing.com

**For Shinewell Leasing Limited**
**Ranjit Singh**
**Whole Time Director**
**DIN: 07524007**
**Place: New Delhi**
**Date: 06/11/2019**

## खबर संक्षेप

### यूपीः जनता को प्याज उचित दाम पर उपलब्ध कराएं

**लखनऊ।** यूपी के मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने गुरुवार को प्रदेश की जनता को प्याज उचित दाम पर उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये। तिवारी ने प्याज जमाखोरी करने वालों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने का आदेश देते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को हर हालत में उचित दर अर्थात न्यूनतम दर पर प्याज उपलब्ध कराना सम्बंधित विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी है। प्रदेश में प्याज की मांग को दृष्टिगत रखते हुए अन्य प्रदेशों महाराष्ट्र, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से भी प्याज आयात करने की व्यवस्थायें सुनिश्चित कराई जायें।

### बिहार में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 6247 हुई

**पटना।** बिहार में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 6,247 हो गई है। चिकनगुनिया के 452 मरीज पाये गये है। बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रदेश में सात नवंबर तक कुल 6,247 मरीजों में डेंगू के लक्षण पाए गए है। पटना जिले में डेंगू के कुल 3,875 मरीज चिन्हित किए गए हैं। बिहार में इस अवधि तक चिकनगुनिया के कुल 452 मरीज पाए गए हैं। इनमें 383 पटना जिले के हैं। पटना जिला अन्तर्गत 22 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से चार अक्टूबर से सात नवंबर तक लगभग 27,680 मरीजों का उपचार किया जा चुका है।

### हाजीपुर में नहीं पकड़ा जा सका उत्पाती सांड

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिला मुख्यालय हाजीपुर में कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर चुके एक उत्पाती सांड को जिलाधिकारी के आदेश के 48 घंटे बाद भी नहीं पकड़ा जा सका है जिससे स्थानीय लोग दहशत में हैं। हाजीपुर रेलवे स्टेशन के आसपास और नगरीय क्षेत्रों में उत्पाती सांड पिछले कुछ दिनों से तोड़फोड़ करने के साथ-साथ कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर चुका है।

## पीएफ घोटाला: यूपी कांग्रेस अध्यक्ष पर जड़ा झूठी बयानबाजी का आरोप

# ऊर्जा मंत्री ने भेजा लल्लू को मानहानि का नोटिस

एजेंसी ⏭ लखनऊ

ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार 'लल्लू' को मानहानि का नोटिस भेजकर एक सप्ताह के भीतर माफी मांगने का अल्टीमेटम दिया। ऊर्जा मंत्री ने यह नोटिस लल्लू द्वारा सार्वजिनक रूप से उनके खिलाफ दिये गए कथित झूठे, आपत्तिजनक व अमर्यादित बयानों को लेकर दिया है। शर्मा ने कहा कि उनकी डीएचएफएल या सनब्लिंक कंपनी को धन हस्तांतरण में कोई भूमिका नहीं रही है व उनकी भेंट भी उन कंपनियों के किसी अधिकारी से कभी नहीं हुई।

वह सितंबर-अक्टूबर में ही नहीं बल्कि कभी विदेश यात्रा पर नहीं गए। भविष्य निधि का प्रबंधन ट्रस्ट द्वारा किया जाता है जिसमें वह किसी पद पर नहीं हैं व इस कार्य में उनकी कोई भूमिका भी नहीं है। डीएचएफएल को धन हस्तांतरण करने का निर्णय उनके कार्यकाल का नहीं है, वह पूर्व सरकार के समय का है।

### लल्लू भविष्य में अपनी वाणी पर विशेष सतर्कता बरतें



ऊर्जा मंत्री ने साफ किया कि लल्लू भविष्य में अपनी वाणी को लेकर विशेष सतर्कता बरतें। उनका आचरण न सिर्फ सार्वजनिक जीवन की मर्यादाओं के विपरीत था बल्कि समाज जीवन में शुचितापूर्ण ढंग से कर्तव्यों का निर्वहन करने वाले व्यक्ति के लिए मानहानिकारक था। उन्होंने यह भी साफ किया कि यदि लल्लू ने माफी नहीं मांगी तो उन पर आईपीसी की दंड संहिता की धारा 499 एवं 500 के अंतर्गत मानहानि की दांडिक कार्यवाही के साथ दीवानी अदालत में हर्जाने के लिए कार्यवाही की जाएगी।

- सितंबर-अक्टूबर में ही नहीं बल्कि मैं कभी विदेश यात्रा पर नहीं गया : श्रीकांत
- डीएचएफएल या सनब्लिंक कंपनी को धन हस्तांतरण में कोई भूमिका नहीं रही

### 'कर्मियों के साथ है कांग्रेस, पाई-पाई का हिसाब दे सरकार'



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को कहा कि यूपी विद्युत निगम के कर्मचारियों की ईपीएफ घोटाले से जुड़ी सभी जानकारियां सामने लाने की मांग जायज है व भाजपा सरकार को पाई-पाई का हिसाब देना चाहिए। यूपीपीसीएल के कर्मचारियों के ईपीएफ का करीब 2600 करोड़ रुपया घोटालाग्रस्त डीएचएफएल में लगाए जाने के बाद विवाद पैदा हो गया। डीएचएफएल के प्रवर्तकों से हाल ही में इकबाल मिर्ची की कंपनी से रिश्तों के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय ने पूछताछ की थी। मिर्ची भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम का पूर्व सहयोगी है। कांग्रेस महासचिव ने हिंदी में पोस्ट ट्वीट में कहा कि उप्र के बिजली विभाग के कर्मचारियों ने पीएफ घोटाले में सभी तथ्य सामने लाने की बात कही। ये मांग एकदम जायज है। चुनावों में मुझसे कई विभागों के कर्मचारियों ने नई पेंशन योजना के बारे में अपनी चिंता जाहिर की थी। कांग्रेस पार्टी आपके साथ है। भाजपा सरकार को आपकी पाई-पाई का हिसाब देना होगा। प्रियंका इस मुद्दे पर यूपी की भाजपा सरकार पर निशाना साध रही हैं।

## यूपीसीएल को उत्तराखंड हाईकोर्ट ने लगाई फटकार



**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सरकारी उपक्रम उत्तराखंड विद्युत निगम लिमिटेड (यूपीसीएल) को अपने महाप्रबंधक पर लाखों रुपये का बकाया होने के बावजूद उनसे बिजली के बिल के रूप में हर माह नाममात्र शुल्क लेने पर फटकार लगाई है। मुख्य न्यायाधीश रमेश रंगनाथन की खंडपीठ ने बुधवार को जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यूपीसीएल से मामले पर एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण देने को कहा है। इससे पहले, अदालत को बताया, महाप्रबंधक पर गत 25 माह से बिजली उपभोग के रूप में निगम के 4.02 लाख रुपये बकाया हैं, उनसे बिजली के बिल के रूप में हर माह केवल 425 रुपये का शुल्क लिया जा रहा है। नाराजगी जाहिर करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि यूपीसीएल के अधिकारी जानबूझकर अस्पष्ट आंकड़े दिखाकर बिजली का दुरुपयोग कर रहे हैं। यूपीसीएल अपने कर्मचारियों व उनके परिवारों को सेवानिवृत्ति के बाद भी यह सुविधा दे रही है।

### आम आदमी को करना पड़ रहा भारी भुगतान

याचिका में कहा गया है कि यूपीसीएल के महाप्रबंधक व कर्मचारी जहां बिजली के बिल के रूप में नाममात्र का शुल्क दे रहे हैं, वहीं आम आदमी को पहले 100 यूनिट तक 2.75 प्रति यूनिट की दर से व उसके बाद 5.65 प्रति यूनिट की दर से बिजली के बिल का भुगतान करना पड़ता है।

### न्यायाधीशों के खर्च की सीमा तय पर यूपीसीएल के कर्मचारियों की नहीं!

अदालत ने टिप्पणी की कि न्यायाधीशों को भी सालभर में 15,000 यूनिट बिजली खर्च करने की सुविधा मिलती है जबकि यूपीसीएल में उनके कर्मचारियों के लिए बिजली उपयोग की कोई सीमा नहीं है। नाममात्र के शुल्क का भुगतान भी विवादित है। इसने यूपीसीएल से इस पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा कि ऐसी सुविधाएं निगम के अधिकारियों के अलावा उत्पादन व वितरण विभागों को भी क्यों उपलब्ध कराई जा रही हैं। वह कर्मचारियों द्वारा यूनिट या राशि के रूप में बिजली उपभोग की सीमा निर्धारित किए जाने की व्यावहारिकता का भी परीक्षण करे।

# कुंदन भी पीटर की तरह एनआईए कोर्ट से मांग सकता है चुनाव लड़ने की अनुमति

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड का कुख्यात नक्सली कुंदन पाहन भी कोर्ट से चुनाव लड़ने की अनुमति मांग सकता है। खबर है कि उसके वकील ने इसका आवेदन तैयार कर लिया है। गुरुवार को सोशल मीडिया में खबर आई थी कि कुंदन पाहन ने अपने वकील के माध्यम से एनआइए कोर्ट से राजा पीटर की तरह जेल से चुनाव लड़ने की अनुमति मांगी है। लेकिन, शाम को स्पष्ट किया गया कि कुंदन पाहन की ओर से अभी कोर्ट में याचिका दाखिल नहीं की गई है। हालांकि, यह भी कहा गया कि उसके वकील ने इस संबंध में आवेदन तैयार कर लिया है। मई, 2017 में सरेंडर करने वाला कुंदन कई साल तक पुलिस के लिए सिरदर्द व क्षेत्र में आतंक का पर्याय था। सरेंडर करने के बाद उसने राजनीति में आने के संकेत दिये थे। रांची और खूंटी में कुंदन पाहन के खिलाफ 58 मुकदमे दर्ज हैं। उल्लेखनीय है कि डीएसपी, इंस्पेक्टर व कई पुलिसवालों की हत्या समेत 128 आपराधिक मामलों में वांछित कुंदन पाहन ने सरेंडर करते हुए कहा था कि नक्सलवाद से उसका मोहभंग हो गया है। फिलहाल वह जेल में बंद है।



### राजा पीटर को मिल चुकी है इजाजत

ज्ञात हो कि पिछले दिनों अपराध की दुनिया से राजनीति में कदम रखने वाले तमाड़ के पूर्व विधायक राजा पीटर ने रांची की एनआईए की अदालत में याचिका दायर कर जेल से नामांकन दाखिल करने की अनुमति मांगी थी। कोर्ट ने राजा पीटर की याचिका को स्वीकार करते हुए उन्हें नामांकन दाखिल करने की अनुमति दे दी है। संभवतः इसी को देखते हुए कुंदन पाहन ने भी यह कदम उठाया है।

## कांग्रेस सेवा दल के संगठन मंत्री महेश 'आप' में शामिल

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में कांग्रेस सेवा दल के संगठन मंत्री महेश कुमार गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। उन्होंने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली। महेश कुमार ने कहा कि अरविंद केजरीवाल व आम आदमी पार्टी सरकार के द्वारा दिल्ली में किये जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी में शामिल होने का फैसला लिया। अब वे पूरी निष्ठा, मेहनत व लगन से पार्टी के लिए काम करेंगे। महेश ने कहा कि वह समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी को मजबूत बनाने के साथ-साथ पार्टी के विस्तार में भी योगदान देंगे।



### पलामूः एक ने किया नामांकन, 22 ने खरीदे पर्चे

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांच विस सीटों पर चुनाव के लिए छह नवंबर को अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों व निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन पत्रों की खरीद शुरू कर दी है। इन पांच सीटों के लिए गुरुवार को नामांकन किया गया, जबकि 22 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। पलामू जिले में प्रथम चरण में मतदान होने हैं। नामांकन करने की अंतिम तिथि 13 नवंबर है, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 16 नवंबर है।

## दास के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरेंगे डॉ. अजय



**जमशेदपुर।** आम आदमी पार्टी 'आप' व डॉ अजय कुमार दोनों ही झारखंड में अपनी जमीन तलाश रहे हैं, इसीलिए 25 सालों से अजेय रहे रघुवर दास के विस क्षेत्र से डॉ. अजय ताल ठोंकने के मूड में है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता रहे डॉ. अजय पिछले दिनों 'आप'में शामिल हो गए। जमशेदपुर सीट से झाविमो के टिकट पर सांसद का चुनाव जीत चुके डॉ. अजय समझते हैं कि यदि वह दास को परास्त करने में सफल हो जाते हैं तो पार्टी से प्रभावशाली लोग तो जुड़ेंगे ही खुद वे भी राजनीतिक गलियारों में अपनी धाक जमाने में सफल होंगे। कांग्रेस छोड़ने के बाद से अजय के पश्चिमी जमशेदपुर से लड़ने की अटकलें लग रही थीं पर उनके आप में शामिल होने के बाद से ही इन अटकलों पर विराम लग गया। आप नेताओं के बीच लगभग ये तय हो चुका है कि अजय में रघुवर को हराने का माद्दा है ,सफलता मिलने से भविष्य के लिए ये अच्छा संकेत होगा।

## राशिफल 08 नवंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : सेहतमंद रहने के लिए डांस या व्यायाम करें। धन संबंधित मामलों में कोई दोस्त आपकी मदद करेगा। आज आप घर के कामों में मदद करेंगे। नए वाहन की खरीददारी के योग हैं। **शुभ अंकः** 1, **रंग** : गुलाबी।

**वृषः** सेहत को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। शेयर मार्केट में पैसा लगाने से बचें। कार्यक्षेत्र पर आपके काम की तारीफ होगी। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। **शुभ अंकः** 11, **रंगः** हल्का ग्रे।

**मिथुनः** परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों का झुकाव आध्यात्म की तरफ रहेगा। प्रॉपर्टी को लेकर चल रहा विवाद कानूनी रुप ले सकता है। **शुभ अंक** : 6, **रंगः** गाढ़ा हरा।

**कर्कः** सेहत को लेकर दिन अच्छा रहेगा। फिजूल खर्च कम कर पैसों की बचत पर ध्यान देंगे। कार्यक्षेत्र पर चीजें आपके पक्ष में रहेंगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद दूर हो सकते हैं। **शुभ अंकः** 18, **रंगः** सैंडी ब्राउन।

**सिंहः** सेहत में सुधार होगा। किसी मंहगे सामान की खरीददारी के लिए बचत कर सकते हैं। क्रिएटिविटी के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं। **शुभ अंकः** 7, **रंगः** क्रीम।

**कन्याः** सेहत को लेकर किसी दोस्त की सलाह आपके काफी काम आएगी। किसी महंगी चीज की खरीददारी के लिए अभी इंतजार करना होगा। व्यवसाय में लाभ के योग बन रहे हैं। **शुभ अंकः** 18, **रंगः** लेमन।

**तुलाः** समय रहते किसी बीमारी का इलाज करा लें। निवेश फायदेमंद साबित होगा। कार्यक्षेत्र पर आज थोड़ा सावधानी बरतें। गृहणियां घर को व्यवस्थित करने में व्यस्त रहेगी। **शुभ अंकः** 15, **रंग** : सफेद।

**वृश्चिकः** सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। आर्थिक मजबूती के लिए फिजूल खर्च कम करें। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को लाभ होगा। परिवार में चल रहे मतभेद दूर होंगे। **शुभ अंकः** 3, **रंग** : पीला।

**धनुः** सेहत को लेकर दिन अच्छा है। आज के दिन किसी को पैसा उधार ना दें। कार्यक्षेत्र पर अपने सहयोगियों के साथ बनाकर चलें। कहीं यात्रा पर जाकर खूब एंजॉय करेंगे। **शुभ अंक** : 8, **रंगः** नारंगी।

**मकरः** वजन नियंत्रित करने में कामियाब होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र पर कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। जीवनसाथी के साथ दिन का आनंद उठाएंगे। **शुभ अंक** : 6, **रंगः** एक्वॉ ग्रीन।

**कुंभ** : परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता होगी। आय के नए साधन खुल सकते हैं। व्यवसाय को बढ़ाने की योजनाएं बनाएंगे। परिवार में शांति का माहौल रहेगा। **शुभ अंक** : 17, **रंगः** मरुन।

**मीनः** सेहत को लेकर सजग रहेंगे। किसी चीज की खरीददारी में ज्यादा पैसा खर्च कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र पर शांत रहने की कोशिश करें। परिवार में कुछ मतभेद हो सकते हैं। **शुभ अंक** : 9, **रंग** : पीच।

### : टिप्स :

1. घर के मुख्य दरवाजे के सामने फूलों की माला टांगें। यह घर की सुंदरता बढ़ाने के साथ साथ आकर्षण और कुशियां भी लाता है।
2. हंस के जोड़े की तस्वीर अपने शयनकक्ष में लगाएं। यह आपके प्यार को मजबूत बंधन में बांधता है।
2. पेपर मनी बिल को फ्रेम कराकर मुख्य रुप से किचन में लगाएं। यह इलाज आपको शक्ति देगा।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

## वकीलों-पुलिसकर्मियों की झड़प के वक्त तीस हजारी कोर्ट थे कुलदीप सेंगर

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह दिल्ली में जब वकीलों, पुलिसकर्मियों के बीच झड़प हुई, उस समय उन्नाव बलात्कार कांड के एक आरोपी व निष्कासित भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर तीस हजारी अदालत में हवालात में बंद थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। झड़प के समय सेंगर के अलावा तीस हजारी हवालात में लगभग 140 कैदी बंद थे। एक वकील ने बताया कि सेंगर को शनिवार की सुबह तिहाड़ जेल से यहां लाया गया था, सुनवाई के लिए सुबह साढ़े दस बजे कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। सेंगर को जिला जज धर्मेश शर्मा की अदालत में पेश किया गया। अर्धसैनिक बल के पहुंचने के बाद उन्हें लगभग 7 सात बजे बाहर निकाला गया।

## मुलाकात

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं से गुरुवार को रांची में मिले। झारखंड में पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है, जिसको लेकर हेमंत सोरेन ने पार्टी कार्यकर्ता को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।



## झारखंडः भाजपाइयों ने की विस चुनाव की रणनीति पर चर्चा



- भाजपा ने रखा 65 सीटें जीतने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** झारखंड के सीएम रघुवर दास, भाजपा के अन्य नेताओं ने बृहस्पतिवार को राज्य में चुनाव के लिये पार्टी प्रभारी ओपी माथुर के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। झारखंड में 30 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच पांच चरणों में चुनाव होंगे। बैठक में आदिवासी नेता तथा केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद रहे। झारखंड में भाजपा की सरकार है व कांग्रेस तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा समेत विपक्षी दल रघुवर दास नीत सरकार को सत्ता से बाहर करने की पुरजोर कोशिश में जुटे हैं। 2014 में राज्य की 81 सदस्यीय विस के चुनाव में भाजपा को 37 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। इस बार उसने 65 सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

# यूपी में सात पुलिस उपाधीक्षक, सहायक सेनानायक जबरन सेवानिवृत्त

एजेंसी ⏭ लखनऊ

सरकारी सेवाओं में दक्षता, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यूपी सरकार के निर्देशानुसार सात पुलिस उपाधीक्षकों व सहायक सेनानायकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रदान कर दी गई है।

अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश कुमार अवस्थी ने गुरुवार को बताया कि स्क्रीनिंग कमेटी की सिफारिश पर शासन ने प्रान्तीय पुलिस सेवा संवर्ग के 50 वर्ष या उससे अधिक आयु के सात पुलिस उपाधीक्षकों/ सहायक सेनानायकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रदान की। प्रान्तीय पुलिस सेवा संवर्ग के जिन सात पुलिस उपाधीक्षकों/ सहायक सेनानायकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रदान की गई वह क्रमशः अरुण कुमार (सहायक सेनानायक 15वीं वाहिनी पीएसी, जनपद आगरा), विनोद कुमार राना (पुलिस उपाधीक्षक जनपद अयोध्या), नरेन्द्र सिंह राना (पुलिस उपाधीक्षक जनपद आगरा), रतन कुमार यादव (सहायक सेनानायक 33वीं वाहिनी पीएसी, झांसी), तेजवीर सिंह यादव (सहायक सेनानायक 27वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर), संतोष कुमार सिंह (मंडलाधिकारी मुरादाबाद) व तनवीर अहमद खां (सहायक सेनानायक 30वीं वाहिनी पीएसी, गोण्डा) हैं।



### दो वर्षों में 400 कर्मचारियों पर गिरी गाज

सरकारी बयान में बताया गया कि प्रदेश सरकार 'भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं' की नीति पर काम कर रही है। इसके तहत गत दो वर्षों में अलग-अलग विभागों के 200 से ज्यादा अफसरों, कर्मियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी गई है। योगी सरकार ने 400 से ज्यादा अफसरों, कर्मचारियों को निलंबन और पदावनति जैसे दंड भी दिए हैं। ऊर्जा विभाग में 169 अधिकारियों, गृह विभाग के 51 अफसरों, परिवहन विभाग के 37 अफसरों, राजस्व विभाग के 36 अफसरों, बेसिक शिक्षा विभाग के 26 अफसरों, पंचायतीराज विभाग के 25 अफसरों, लोक निर्माण विभाग के 18 अफसरों, श्रम विभाग के 16 अफसरों, संस्थागत वित्त विभाग के 16 अफसरों, वाणिज्यिक कर विभाग के 16 अधिकारियों, मनोरंजन कर विभाग के 16 अफसरों, ग्राम्य विकास के 15 अफसरों व वन विभाग के 11 अफसरों पर कार्रवाई कर चुकी है।

## परिजनों ने किया था भुखमरी से जान जाने का दावा

# भूख से नहीं हुई मौतः सरयू

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड के गिरिडीह जिले के चिरूडीह गांव में महिला की भूख से मौत के उसके परिजनों के दावे को राज्य के खाद्य, उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के मंत्री सरयू राय ने गलत बताया, कहा कि प्रारंभिक जांच में ही मृतका के घर पर अनाज आदि पाया गया है। झारखंड के खाद्य, उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के मंत्री राय ने मंगलवार को गिरिडीह के चिरुडीह गांव में सावित्री नामक 48 वर्षीया महिला की मौत भूख से होने के दावे को गलत बताया है। स्थानीय पत्रकारों ने चिरूडीह गांव में मंगलवार को हुई सावित्री की मौत के लिए भुखमरी को जिम्मेदार बताया था। सावित्री के पति रमेश तुड़ी के के अनुसार वह मंगलवार को भुखमरी का शिकार हो गई। उसने बताया कि उसने राशन कार्ड के लिए कुछ माह पूर्व आवेदन दिया था लेकिन उसका कार्ड अबतक नहीं बना व घर में कुछ खाने के लिए न होने से ही उसकी पत्नी की मौत हो गई।

### भुखमरी संभव नहीं

सरयू राय ने कहा कि आजकल भुखमरी रोकने के लिए सख्त प्रावधान हैं व वास्तव में अन्न की कमी वाले परिवारों को अन्नपूर्णा योजना के तहत राशन देने की व्यवस्था है। जिनके पास राशन कार्ड नहीं हैं उन्हें भी आवश्यक होने पर अन्न देने के लिए अनाज बैंक हैं। मुखिया को दस हजार रुपये दिये जाते हैं जिससे ऐसे किसी मामले में परिवार की मदद की जा सके। ऐसी परिस्थिति में भुखमरी संभव नहीं है लेकिन यदि इस तरह की बात साबित होगी तो संबद्ध अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## अज्ञात वाहन से टकराकर बाइक सवार तीन युवकों की मौत

**हरदोई (उप्र)।** मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के कटरा बिल्हौर हाईवे पर गौरी चौराहे के निकट अज्ञात वाहन से टकराकर बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने गुरुवार को बताया कि मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के बांदा टोला गंगारामपुर निवासी सनी शर्मा (25) तथा कटरा गंगारामपुर निवासी अंकित (26) व अजय (29) बुधवार को देर रात मोटरसाइकिल से मुरादाबाद से वापस अपने घर मल्लावां लौट रहे थे। वे जैसे ही कटरा बिल्हौर हाईवे पर गौरी चौराहा के पहले भट्टे के सामने पहुंचे, किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई।

# अयोध्याः मंदिरों में दर्शन के लिए आते रहेंगे श्रद्धालु

एजेंसी ⏭ अयोध्या

अयोध्या में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अगले सप्ताह बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है। वहीं, राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन शांति बनाए रखने की कोशिशों में जुटा है। भारत के प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई के 17 नवंबर को सेवानिवृत्त होने से पहले सुप्रीम कोर्ट संवेदनशील अयोध्या मुद्दे पर अपना फैसला सुना सकता है। यह पूछने पर कि क्या फैसले के मद्देनजर श्रद्धालुओं की संख्या धीरे-धीरे कम की जाएगी, इस पर फैजाबाद के जिला मजिस्ट्रेट अनुज कुमार झा ने कहा कि नहीं, श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन के लिए अयोध्या आते रहेंगे। 12 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा स्नान के मौके पर शहर में लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। सरयू कुंज सीता राम मंदिर के पुजारी महंत जुगल किशोर शरण शास्त्री ने कहा कि जो श्रद्धालु पूर्णिमा स्नान के लिए अयोध्या आएंगे वे कुछ दिन यहां ठहरेंगे इसलिए 20 नवंबर तक अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी मौजूदगी रहेगी। सूचना उपनिदेशक मुरली धर सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन ने एलईडी वैन ऑपरेटरों को अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए लगातार रामायण, महाभारत टेलीविजन धारावाहिक प्रसारित करने के निर्देश दिए हैं। सीजेआई के नेतृत्व में पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 40 दिन तक लगातार चली सुनवाई के बाद 16 अक्टूबर को अयोध्या भूमि विवाद मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।



- फैसले के तहत श्रद्धालुओं की संख्या में नहीं की जाएगी कमी : जिला मजिस्ट्रेट